लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



शोले का रीमेक बनाना चाहते हैं......



महिला सुरक्षा के लिए कनिका ने उठाई आवाज......

वर्ष : 10 | अंक : 254 | लखनऊ, 25 अगस्त, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर बरसे भाजपा शासित राज्यों के सीएम

### नफरत की फसल काटने वालों की सियासी जमीन सदा के लिए हो गई बंजर : योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन को अपवित्र बताते हुए कांग्रेस से पूछा है कि क्या वह अपने सहयोगी के भारत को तोड़ने के एजेंडे का समर्थन करती है। हम आपको बता दें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद वहां सितंबर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

भाजपा ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सार्वजनिक तौर पर घोषणा की है कि सत्ता में आने पर वह अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल करेगी। इसलिए कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि क्या वह अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली पार्टी के भारत को तोड़ने के एजेंडे का समर्थन करती है। भाजपा



ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस एक अलग झंडे की बात करती है। क्या कांग्रेस पार्टी जम्मू-कश्मीर के लिए अलग झंडे के नेशनल कॉन्फ्रेंस के वादे का समर्थन करती है?

हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की ओर से कांग्रेस पार्टी से किये गये सवालों के बाद आज भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस पर सवाल दागे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर खूब बरसे। उन्होंने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए दोनों पार्टियों के गठबंधन पर सवाल उठाए। सीएम योगी ने कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। सीएम योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे।

सीएम योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है।


सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है। कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है और भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

## 10 साल बाद नौकरी छोड़ी तो हर महीने मिलेंगे 10 हजार

### मोदी सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना को दी मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने 24 अगस्त को सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। इस कदम का उद्देश्य सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एक समिति का गठन किया जिसने आरबीआई और विश्व बैंक सहित कई शीर्ष संगठनों के साथ 100 बैठकें कीं। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर शनिवार को कैबिनेट बैठक में यूपीएस को मंजूरी दे दी गयी। अगर कोई 10 साल बाद नौकरी छोड़ देता है तो 10 हजार रुपए पेंशन मिलेगी



सरकारी कर्मचारियों ने नई पेंशन योजनाओं में कुछ बदलाव की मांग की है। इसके लिए पीएम मोदी ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इस समिति ने विभिन्न संगठनों और लगभग सभी राज्यों के साथ 100 से अधिक बैठकें कीं। पीएम मोदी के काम करने के तरीके और विपक्ष के काम करने के तरीके में अंतर है। विपक्ष के विपरीत, पीएम मोदी व्यापक विचार-विमर्श करने में विश्वास करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व बैंक सहित सभी के साथ विस्तार परामर्श के बाद, समिति ने एक एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की है। आज, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है, और इसे भविष्य में लागू किया जाएगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,332.72

निफ्टी 24,834.85

**संक्षिप्त समाचार**

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार से खाली संदूक, अलमारियां स्थानांतरित की गईं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (कोषागार) से खाली लोहे के संदूक और अलमारियों को 12वीं सदी के मंदिर परिसर में स्थित नीलाद्रि विहार संग्रहालय के पास एक कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जुलाई में रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और उसके ढांचे की मरम्मत के लिए पुनः खोला गया था। तब उन पात्रों में रखे आभूषण और अन्य कीमती वस्तुओं को दो चरणों में मंदिर के अंदर अस्थायी सुरक्षित कमरों में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध से निपटने में असम की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीतिः हिमंत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

सिलचर (असम)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध से निपटने में उनकी सरकार की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ ह्लकठोर कार्रवाईह्व की जाती है। शर्मा ने यह भी कहा कि राज्य का पुलिस बल महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करके एक उदाहरण स्थापित कर रहा है। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, जब असम में (बलात्कार जैसी) कोई घटना होती



है, तो पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। कोई समझौता नहीं किया जाता। जब महिलाओं के खिलाफ अपराध की बात आती है, तो हमारी नीति कतई बर्दाश्त नहीं करने की होती है। ढींग में 14 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र करते हुए, शर्मा ने कहा, घटना दो दिन पहले हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उसने पानी में कूदकर भागने की कोशिश की और इस प्रक्रिया में उसकी मौत हो गई।

## संविधान बचाना हमारा लक्ष्य : राहुल गांधी

### जातीय जनगणना से बच रही है बीजेपी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी आज प्रयागराज दौरे पर हैं। इस दौरान वह संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दावा किया कि संविधान को बचाना ही हमारा लक्ष्य है। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि 90% लोग सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं। उनके पास आवश्यक कौशल, प्रतिभा है लेकिन वे सिस्टम से जुड़े नहीं हैं। इसलिए हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेता कह रहे हैं कि



जाति जनगणना के बाद ओबीसी वर्ग दिया जाएगा।

राहुल ने कहा कि हम विभिन्न समुदायों की सूची चाहते हैं। हमारे लिए जाति जनगणना सिर्फ जनगणना नहीं है, यह नीति निर्माण की बुनियाद है। उन्होंने यहा भी कहा कि सिर्फ जाति जनगणना कराना ही काफी नहीं है, धन का वितरण कैसे हो रहा है, यह समझना भी जरूरी है... यह पता लगाना भी जरूरी है नौकरशाही, न्यायपालिका, मीडिया में ओबीसी, दलितों, श्रमिकों की भागीदारी कितनी है? उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैं रायबरेली गया था। वहां मुझे मोची की दुकान दिखी, इसलिए मैं वहां बैठ गया। मैं समझना चाहता था कि आखिर वो कैसे काम करते हैं।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बातचीत में उन्होंने बताया कि राहुल जी जिंदगी में सिर्फ मेरे पिता ने मेरी इज्जत की और किसी ने इज्जत नहीं दी। ये सुनने के बाद मैं सोच रहा था कि इतना हुनर होने के बाद भी इन्हें किसी ने इज्जत नहीं दी। देश में ऐसे हजारों लोग हैं, जिनके साथ ऐसा हर रोज हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने मिस इंडिया की लिस्ट निकाली। उनमें एक भी दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक महिला नहीं है. उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को संविधान की ताकत दिखा दी।

## नक्सली हिंसा लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती

### 2026 तक वामपंथी उग्रवाद का कर देंगे सफाया : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में आज कहा कि नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक हमले के लिए मजबूत रणनीति की जरूरत है। रायपुर में माओवादी खतरे को लेकर एक बैठक के बाद कहा उन्होंने कहा कि नक्सली हिंसा लोकतंत्र के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि नक्सली हिंसा के कारण अब तक देश में कुल 17 हजार लोगों की जान जा चुकी है जबकि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान नक्सली घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि हमारा मानना ??है कि हम मार्च 2026 तक देश को वाम उग्रवाद से मुक्त करा सकेंगे।

अमित शाह ने कहा कि मैं नक्सलियों से हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले 10 वर्षों में 6617 सुरक्षाकर्मी और नागरिकों की मृत्यु हुई थी और अब इसमें 70% की कमी आई है..मुझे विश्वास है कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गई है और हम देश को मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर पाएंगे। शाह ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का 100% क्रियान्वयन हो, ऐसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति हो और ऐसी परियोजनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके, इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई थी।

भाजपा नेता ने कहा कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कुछ फैसले भी लिए हैं, जो लोग वामपंथी उग्रवाद के लंबे समय के प्रभाव के कारण निरक्षर रहे हैं चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, उन्हें साक्षर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार का गृह मंत्रालय एक अभियान चलाएगा। तेंदूपत्ता की खरीदी में हम अमूलचूल परिवर्तन भी करेंगे। शाह ने कहा कि कहीं 3 राज्यों का तो कहीं 2 राज्यों का संयुक्त टास्क फोर्स बनाया गया है, जहां जैसा जंक्शन है वह बनाया गया है, सूचनाओं के आदान-प्रदान का खाका मजबूत किया गया है और भारत सरकार की एजेंसियां सभी राज्यों के

## केजरीवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए सात करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लिए सात करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उनके कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जेल में रहते हुए भी केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की चिंता है। बयान में कहा गया है कि राउज एवेन्यू अदालत ने मुख्यमंत्री को उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास



परियोजनाओं के लिए अनुमति दी थी। बयान में कहा गया कि केजरीवाल ने अपनी टीम से सभी परियोजनाएं समय पर पूरी करने की अपील की, ताकि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसमें कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 प्रकार के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा, जिसमें पुस्तकालय की स्थापना, सीसीटीवी कैमरे लगाना, इनडोर-आउटडोर व्यायाम उपकरण और स्ट्रीट लाइट, मोबाइल वैन, नालियों और सड़कों का निर्माण और सड़कों की मरम्मत शामिल है। मुख्यमंत्री फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित एक मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## संजय गांधी अस्पताल में कैंसर विभाग का उद्घाटन 31 अगस्त को



अमेठी सासंद किशोरी लाल शर्मा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अमेठी।संजय गांधी अस्पताल में केंसर विभाग का उद्घाटन 31 अगस्त को अमेठी सांसद द्वारा किया जाएगा 2 अगस्त से कैंसर रोगियों का इलाज होना शुरू हो जाएगा। अस्पताल प्रशासन इसके लिए एक अलग यूनिट खोलने की तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

बीते कुछ माह पूर्व हृदय रोग से संबंधित एक विभाग शुरू कर हृदय रोगियों का सफल इलाज शुरू कर दिया है। इसकी सफलता से उत्साहित अस्पताल प्रशासन एक कैंसर यूनिट की स्थापना की तैयारी में जुट गया है। संजय





गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के उच्च अधिकारी श्री सुरेंद्र जैन ने कहा कि अभी कुछ माह पूर्व हृदय रोग की यूनिट शुरू होने से आस पास जिले के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है नियमित 80 से 100 मरीजों का ईलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसी तारतम्य में 31 अगस्त से कैंसर की यूनिट का शुभारंभ होगा। सोमवार से शुक्रवार तक नियमित ओपीडी चलेगी।कैंसर विभाग यूनिट का संचालन कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत नाकरा की टीम कैंसर रोगियों का इलाज करेगी। जहां पर केंसर परामर्श, केंसर सर्जरी व कीमोथेरेपी की सुविधाएं 2 सितंबर से नियमित रूप से चालू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस यूनिट का उद्घाटन सांसद के एल शर्मा करेंगे।ज्ञात हो संजय गांधी अस्पताल ने हाल ही में गुर्दा रोग, न्यूरो( मस्तिष्क) विभाग की भी शरुआत की है

## मायावती का अपमान न करें बीजेपीः अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के प्रति समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कभी गरम और कभी नरम रवैये से राजनीति के गलियारों में दुविधा का माहौल नजर आ रहा है। 2019 के आम चुनाव में साथ दिखने वाले अखिलेश-मायावती, 2024 के आम चुनाव के समय एक-दूसरे के खिलाफ खड़े नजर आये थे। आजकल दलित वोटों की सियासत में दोनों एक-दूसरे के खिलाफ सियासी जहर उगल रहे हैं, इसी बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती का बचाव करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती को लेकर की गई भाजपा विधायक व प्रवक्ता राजेश चौधरी की टिप्पणी को महिला विरोधी बताया है।

अखिलेश ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश के एक भाजपा विधायक का पूर्व महिला मुख्यमंत्री के प्रति कहे गए अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आने वालों के प्रति कितनी कटुता भरी है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर हमने गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में



जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि वह सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने आगे लिखा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह होते हैं लेकिन एक महिला के रूप में उनका मान-सम्मान खंडित करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। भाजपा के विधायक पर इस वक्तव्य के लिए मानहानि का मुकदमा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे विधायकों को प्रश्रय देकर महिलाओं के मान-सम्मान को गहरी ठेस पहुंचा रही है। अगर ऐसे लोगों के खिलाफ भाजपा तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो मान लेना चाहिए, ये किसी एक विधायक का व्यक्तिगत विचार नहीं है बल्कि पूरी भाजपा का है।

### विवादित टिप्पणी से आहत मायावती ने जताया अखिलेश का आभार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भाजपा के एक विधायक द्वारा बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ की गई टिप्पणी विवाद का विषय बन गई है। विधायक ने टिप्पणी मायावती पर की,लेकिन मायावती इस पर अपनी प्रतिक्रिया देती इससे पहले ही अखिलेश यादव को गुस्सा आ गया। उन्होंने इसे महिला के अपमान से जोड़ दिया तो मायावती ने अखिलेश के समर्थन पर आभार व्यक्त करने में देरी नहीं की। दरअलस,बीजेपी विधायक राजेश चौधरी के एक निजी चैनल पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को भ्रष्टाचारी कहने की टिप्पणी के विरोध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान को बसपा सुप्रीमो मायावती का भी समर्थन मिला था,जिस पर बसपा सुप्रीमो ने जहां उनको ईमानदार बताए जाने पर सपा प्रमुख का आभार जताया, वहीं भाजपा विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। बसपा सुप्रीमो ने 24 अगस्त शनिवार को एक्स पर लिखा कि सपा मुखिया ने मथुरा जिले के एक भाजपा विधायक को उनके गलत आरोपों का जवाब देकर बीएसपी प्रमुख के ईमानदार होने के बारे में सच्चाई को माना है, उसके लिए पार्टी आभारी है। उन्होंने यह भी लिखा कि ऐसा लगता है कि इस विधायक की अब भाजपा में कोई पूछ नहीं रही है। इसलिए वह मेरे बारे में अनाप-शनाप बयानबाजी करके सुर्खियों में आना चाहता है, जो अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा को चाहिए कि वह विधायक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे और यदि वह दिमागी तौर पर बीमार हैं तो उसका इलाज भी जरूर कराए। ऐसा न करने पर भाजपा का इसके पीछे षड़यंत्र है, यह कहना भी गलत नहीं होगा।

## संक्षेप

### शराब के नशे में धुत ई रिक्शा मालिक ने ससुर-बहू को पीटा,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज (सिसेंडी गांव निवासी कल्लू ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते शुक्रवार को गांव में रहने वाले शराब के नशे में धुत लाल कृष्ण त्रिवेदी ने उसके घर के सामने अपना ई रिक्शा खड़ा कर दिया जब उसने हटाने की बात कही तो आग बबूला हो गये ओर गाली-गालौज करते हुये डंडे से बुरी तरह पिटाई कर ईट से वार कर सिर फोड़ दिया चीख-पुकार सुनकर घर के अंदर से बहू पूनम बचाने आयी तो उसकी भी पिटाई कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।घायल अवस्था में कल्लू व उसकी बहू पूनम को परिजन इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये? इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर इलाके में एक ट्रक ड्राइवर ने ट्रक की बॉडी कंटेनर में लगी लोहे की सीढ़ी के सहारे प्लास्टिक की डोरी से फांसी का लगाकर आत्महत्या कर लिया, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शव के पास से मिले आधार से पहचान करते हुए परिजनों और ट्रैक मालिक को सूचना दे दी गई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद बरेली के तहसील आंवला के ग्राम पलथा निवासी संजू यादव (26) ट्रैक चालक था, पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में आत्महत्या लग रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मृत्यु का सही कारण पता चल सकेगा, फिलहाल पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष शव का पंचनामा की कार्यवाही करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लुआक्टा ने राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा का आभार जताया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।लखनऊ विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग का लुआक्टा ने स्वागत किया है। लुआक्टा का कहना है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने से कई सुविधाएं बढ़ जाएंगी लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय और महामंत्री डॉ. अंशु केडिया समेत कई सदस्यों ने राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा से मिल कर उनका आभार जताया। डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि संघ का मानना है कि एलयू और साथ में सभी सहयुक्त महाविद्यालयों को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तर्ज पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में लुआक्टा उपाध्यक्ष डॉ. तिर्मल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. कीर्ति प्रकाश तिवारी, डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी, डॉ. एल्विन दाऊद, डॉ. अंबरीश उपाध्याय और फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली से डॉ. शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# दूसरे दिन भी परीक्षा देने नहीं पहुंचे कई अभ्यर्थी, पेपर लीक की कोई सूचना नहीं आई सामने




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई। शनिवार को भी पेपर लीक होने की कोई सूचना सामने नहीं आई। दूसरे दिन कुल 31.78 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी दी। इनमें 20.27 प्रतिशत अभ्यर्थी ऐसे थे जिन्होंने प्रवेश पत्र डाउनलोड किया पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। शुक्रवार को पहले दिन भी कुल 32.45 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी थी।

वहीं दूसरे दिन दोनों पालियों में 72 संदिग्ध अभ्यर्थी पकड़े गए, जिनके फिंगरप्रिंट तथा आवेदनपत्र में भरे गए अन्य ब्योरे आधार कार्ड से मैच नहीं हुए। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण का कहना है कि सभी संदिग्ध अभ्यर्थियों से पहचान पत्र व स्वप्रमाणित प्रपत्र लेकर उन्हें परीक्षा में शामिल कराया गया। परीक्षा के बाद सभी संदिग्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की सघन जांच होगी और जो जालसाजी के दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई होगी।

सहारनपुर में अपनी उम्र कम कर दूसरे नाम से बनवाए गए आधार कार्ड के जरिए परीक्षा देने पहुंचा अभ्यर्थी भी पकड़ा गया, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं एसटीएफ ने लखनऊ में परीक्षा केंद्र के पास पेपर लीक होने का झूठा दावा कर अभ्यर्थियों से रकम ऐंठने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।

वहीं परीक्षा के दौरान इंटरनेट मीडिया पर पेपर लीक होने की भ्रामक पोस्ट किए जाने के मामले में भर्ती बोर्ड की ओर से लखनऊ की हुसैनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रदेश के 67 जिलों में 1,174 परीक्षा केंद्रों में शनिवार को कुल 9,63,676 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इनमें दोनों पालियों के कुल 8,24,573 ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे लेकिन, परीक्षा में कुल 6,57,443 अभ्यर्थी ही सम्मलित हुए। सिपाही भर्ती की परीक्षा पूर्व में 18 व 19 फरवरी को हुई थी, जिसका पेपर लीक हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उक्त परीक्षा निरस्त कर इसे पुनः आयोजित कराया जा रहा है। परीक्षा के दूसरे दिन भी डीजीपी प्रशांत कुमार ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

शनिवार को उन्होंने पहली पाली में लखनऊ विश्वविद्यालय व नेशनल डिग्री कालेज स्थित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। डीजीपी ने कहा कि सभी केंद्रों में पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए गए हैं। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों ने दूसरे दिन भी परीक्षा में कहीं कोई गड़बड़ी न होने का दावा किया है।

पहली पाली की परीक्षा
कुल परीक्षार्थियों की संख्या : 4,81,838
प्रवेश पत्र डाउनलोड: 4,12,155
परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी : 3,21,322
संदिग्ध अभ्यर्थी: 30

दूसरी पाली की परीक्षा
कुल परीक्षार्थियों की संख्या : 4,81,838
प्रवेश पत्र डाउनलोड: 4,12,418
परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी : 3,36,121
संदिग्ध अभ्यर्थी: 42

## नगर पंचायत में पानी कनेक्शन के नाम पर कमचारी कर रहे अवैध वसूली

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगर पंचायत मोहनलालगंज में एक निजी संस्था द्वारा तैनात किए गए कर्मचारी द्वारा पानी सप्लाई कनेक्शन के नाम पर कनेक्शन के अतिरिक्त अवैध रूप से प्रति कनेक्शन के नाम पर 2000 रुपए वसूले जा रहे है सजग युवक ने बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कनेक्शन करवाए जाने के साथ ही अवैध रूप से वसूली करने वाले वर्षों से जमे कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है नगर पंचायत मोहनलालगंज में तैनात जिम्मेदारों द्वारा सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक हर घर पेय जल योजना का पलीता लगाया जा रहा है जिम्मेदार लापरवाह बने हुए है ऐसा ही मामला बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने आया जिसमे नगर पंचायत क्षेत्र के मऊ निवासी रिहान ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि नगर पंचायत मोहनलालगंज में तैनात ईओ मनीष राय सहित कार्यालय का कार्यभार देख रहे जिम्मेदारों से बीते कई महीनो से पीने के पानी हेतु कनेक्शन के लिए चक्कर लगा चुके है लेकिन आज तक कनेक्शन नही हो पाया है (कार्यालय में तैनात जिम्मेदार लोग सप्लाई का काम देखने वाले कर्मचारियों से बात करने की बात कह टाल मटोल करते है जिसके बाद युवक ने एक निजी संस्था द्वारा पानी सप्लाई का काम देख रहे पम्प आपरेटर मनोज व संतराम जो नगर पंचायत क्षेत्र में पानी सप्लाई का काम देखते है उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि कनेक्शन करवाना है तो पहले समान खरीद लाओ और उसके बाद 2000 रुपए खर्चा दो तब आपका कनेक्शन होगा नही तो चक्कर लगाते रहोगे कनेक्शन नही हो पाएगा जिसके बाद सजग युवक ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

## भाजपा राज में परीक्षा व्यवस्था से उठा भरोसा : अखिलेश यादव



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन शुक्रवार को 32 प्रतिशत अभ्यर्थियों के शामिल नहीं होने पर भाजपा के ऊपर तंज कसा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में लगभग एक तिहाई अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए।

सरल भाषा में कहा जाए तो हर तीन में से एक अभ्यर्थी ने परीक्षा नहीं दी। इसका कारण भाजपा राज में परीक्षा व्यवस्था से उठ चुका भरोसा, प्रदेश सरकार से नाउम्मीदगी है या कुछ और।ये गहरे अध्ययन का विषय है।

एक्स पर एक और पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि अयोध्या में पीडीए समाज के एक व्यक्ति पर सत्ताधारी प्रभुत्ववादियों ने शराब मुफ्त न देने पर जानलेवा हमला किया।सत्ता के मद में डूबे ऐसे लोगों पर भाजपा सरकार कोई कार्रवाई करेगी या कोई सर्वोच्च स्तरीय सूत्र जोड़कर उन्हें बचा लिया जाएगा।अगर कोई है तो उत्तर और कार्रवाई अपेक्षित है। उन्होंने सड़क पर पड़े गड्ढे को लेकर लिखा कि यूपी की सड़कों के निर्माण, गड्ढा मुक्ति के नाम पर हजारों करोड़ रुपया सीएम योगी की नाक के नीचे भ्रष्टाचार करके हड़प कर लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साढ़े सात साल से यूपी में भाजपा सरकार के मुखिया हैं।

## उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा की नई उम्मीद, नौ पार्कों में से सात में बिजली का उत्पादन शुरू

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।प्रदेश में सौर ऊर्जा के स्थापित किए जा रहे नौ पार्कों में स्थापित 430 मेगावाट के सात संयंत्रों में बिजली का उत्पादन शुरू हो चुका है। इनमें जालौन के चार, कानपुर देहात, मीरजापुर, प्रयागराज में स्थापित संयंत्र शामिल हैं। शेष में भी जल्द ही बिजली उत्पादन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक अनुपम कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में 3,710 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा के नौ पार्कों को स्थापित किया जा रहा है।

सौर ऊर्जा के यह पार्क झांसी, ललितपुर, चित्रकूट, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, मीरजापुर और प्रयागराज में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 600 मेगावाट क्षमता का झांसी व ललितपुर, 800 मेगावाट क्षमता का चित्रकूट, 1,200 मेगावाट का जालौन, 75 मेगावाट क्षमता का कानपुर देहात और कानपुर नगर में 35 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा पार्क निमार्णाधीन है।

### पार्कों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पूरा

सभी सौर ऊर्जा पार्कों की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त घरों की छतों पर रूफटाप सौर संयंत्र, सौर ऊर्जा नगरों की स्थापना, कृषि फार्म को सौर ऊर्जा से बिजली देना, पंप स्टोरेज एवं जैव ऊर्जा के उत्पादन पर भी प्रदेश सरकार तेजी के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को 300 यूनिट निशुल्क बिजली मिलेगी। प्रदेश में सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें छह हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटाप संयंत्रों की स्थापना करके की जाएगी।14 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा के स्थापित पार्कों से किया जाएगा।

## गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी स्थित किराए के मकान में रहने वाले अजय कुमार सिंह पुत्र नारायण दत्त सिंह ने पुलिस एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है और पुलिस को बताया कि मैं बीते ग्यारह सालो से नावा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कई पदों पर काम किया हू और वर्तमान में आर एस एम के पद पर कार्य कर रहा हूं ।मेरी कंपनी के निदेशक हेमंत सुरी और पुनीत कपूर है ।मैं अपनी कुछ घरेलू समस्याओं को लेकर और निदेशक हेमंत सुरी और पुनीत कपूर के दुर्व्यवहार मैं कम्पनी से त्याग पत्र देना चाहता हूं ।इसी क्रम में मैने एक नोटिस अथवा त्याग पत्र बीती सोलह अगस्त को कंपनी के वर्कशॉप और मेल द्वारा दे दिया था ।तत्पश्चात कंपनी के निदेशक हेमंत सुरी नाराज होकर फोन एवम वर्कशॉप पर गालियां देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है और कहा की हम आपको किसी बड़ी धोखाधड़ी में फंसा दूंगा ।बीते 18 अगस्त को मोबाइल नंबर पर विपक्षी वा कंपनी निदेशक हेमंत सुरी तरह तरह के आरोप लगा कर कंपनी का भुगतान करने की बात की ।इस पर अजय कुमार सिंह पूरा हिसाब देने को कहा है ।मैं भुगतान करूंगा और आप हमारा भुगतान भी करे ।निदेशक ने धमकी दी की आप किसी भी कंपनी और लखनऊ में न रहने देंगे और न काम करने देंगे ।उन्होंने बताया कि निदेशक अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो कई बार जेल जा चुका है ।इससे अब हमे और हमारे पूरे परिवार खतरा है ।जिससे वह डरा और सहमा हुआ है और बीती उन्नीस अगस्त को मेरे घर के पास दो संदिग्ध दिखाई पड़े थे ।अगर मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई घटना घटित होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी निदेशकों की होगी ।इनके द्वारा दी गई धमकियों की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है ।जिसे उचित समय पर देंगे ।उन्होंने पुलिस से जान मॉल से सुरक्षा किए जाने और न्याय दिलाने की मांग की है ।

## सरोजनीनगर बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया एल्डर कमेटी द्वारा पूर्ण की गई एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव व रितेश पाण्डेय रिटर्निंग ऑफिसर एल्डर कमेटी अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद शर्मा ने बड़ी शांतिपूर्वक ढंग से सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को संपन्न हो गया ।जिसमे नई कार्यकारिणी का गठन किया गया ।नवनियुक्त पदाधिकारीयो में अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्षअमित प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष मध्य ओम प्रकाश सिंह , उपाध्यक्ष मध्य संजय तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह,महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला को कोषाध्यक्ष , रोहित सिंह, धर्मेंद्र तिवारी मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता अविनाश कुमार ओझा, लाइब्रेरियन ललित नारायण,संयुक्त सचिव विवेक कुमार सिंह, समसेन संयुक्त सचिव, खुर्शीद अहमद संयुक्त सचिव, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिंह, सचिन कुमार जायसवाल, संजीव कुमार, गुरबीर, ललित मोहन सिंह, अनिल कुमार, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य देवेश कुमार पाण्डेय , अंशु कुमार, अजीत यादव, दयाराम, हीरेश सिंह, अनुराग सिंह, एल्डर कमेटी सदस्य दिवाकर प्रसाद शर्मा अध्यक्ष, विकास चंद तिवारी सदस्य, विनय शुक्ला सदस्य, गौरव कुमार सिंह, एल्डर कमेटी की उपस्थिति में मनोनीत पदाधिकारीयो ने अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह व महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला को फूलों की माला पहनकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर सभी पदाधिकारीयो ने अपने-अपने सुझाव रखें और अपने पद की गरिमा को बनाए रखने के लिए वादा किया। इस मौके पर बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा को अध्यक्ष राजेश सिंह व महामंत्री गोविंद शुक्ला ने माला पहनकर सम्मानित किया ।इस मौके पर अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कई वर्षों से अधिवक्ताओं के हित में कार्य किया जा रहा है और संगठन के प्रत्येक सदस्य के साथ परिवार की भांति एक जुट है। महामंत्री गोविंद शुक्ला ने बताया कि हमारे संगठन का जो भी निर्णय होगा ।उसका सभी को पालन करना होगा ।यदि किसी प्रकार का मतभेद हो तो बैठक में समाधान किया जाएगा और हम सब लोगों को मिलकर संगठन को आगे बढ़ते रहना है। इस मौके पर सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन ने भव्य भंडारे का आयोजन किया।

### वाहनों को कबाड़ में बदलने में उत्तर प्रदेश नंबर वन, मिली 221 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। केंद्र सरकार की नई स्क्रैप नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने में उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में सबसे आगे है। प्रदेश में वाहन स्क्रैप नीति के तहत 31 जुलाई, 2024 तक कुल 18,843 वाहन कबाड़ में बदले जा चुके हैं।इनमें 16,576 सरकारी व 2,267 निजी वाहन शामिल हैं। नीति के तहत केंद्र सरकार से अब तक 221 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी हासिल हुई है।प्रदेश में सर्वाधिक 15 पंजीकरण व वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी सेंटर क्रियाशील हैं। वाहन को स्क्रैप करने में हरियाणा दूसरे, गुजरात तीसरे, मध्य प्रदेश चौथे, महाराष्ट्र पांचवें व कर्नाटक छठवें स्थान पर हैं।

## बिहार मॉडल के साथ यूपी में विधानसभा चुनाव की तैयारी करेगी जेडीयू



मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यकताओं से लिए सुझाव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शराबबंदी जैसे बिहार मॉडल के सुशासन के साथ जनता के बीच जाएगी। पार्टी कोलकाता में डॉक्टर से दुराचार व हत्या जैसी गैर एनडीए शासित प्रदेशों में होने वाली जघन्य घटनाओं के मुद्दे पर जनता के बीच बिहार के सुशासन से वहां की बदलती तस्वीर भी बताएगी।

संगठन को मजबूत बनाने के लिए शनिवार को जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रभारी और बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार ने प्रदेश कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ बैठक की।

### 2027 का विधानसभा का चुनाव लड़ेगी पार्टी

मंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 का विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करने के लिए संगठन को मजबूत बनाया जाएगा।

मंडल और जिला स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रदेश में पार्टी के चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन मजबूत होगा तब ही एनडीए में वह उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर अपनी दावेदारी कर सकेगा। बिना मजबूत संगठन के पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत स्थिति में लाएंगे। पार्टी की अगली बैठक किसी अन्य मंडल में होगी। बैठक में पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह,कल्प नाथ वर्मा, ममता सिंह भी उपस्थित थीं।

## 1399अभ्यर्थियो ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन मोहनलालगंज कस्बे में बने दो परीक्षा केन्द्रो पर शनिवार को पहली व दूसरी पाली की परीक्षा सकुशल संपन्न हुयी ।दोनो ही केन्द्रो पर 1399अभ्यर्थियो ने परीक्षा दी तो वही 521अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे ।दूसरे दिन भी परीक्षा केन्द्रो पर सघंन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियो को प्रवेश दिया गया ।एसीपी व एसडीएम ने परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दियें। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित काशीश्वर इंटर कालेज व नवजीवन इंटर कालेज को सिपाही भर्ती परीक्षा का केन्द्र बनाया गया ।दोनो ही परीक्षा केन्द्रो पर प्रथम व दूसरी पाली में 1920अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी थी.शनिवार को दूसरे दिन काशीश्वर इंटर कालेज केन्द्र पर सिपाही भर्ती की प्रथम व दूसरी पाली की परीक्षा में 960अभ्यर्थियो को बैठना था लेकिन इस केन्द्र पर 721अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे,वही नवजीवन इंटर कालेज केन्द्र पर 960अभ्यर्थियो को परीक्षा में बैठना था यहा 678अभ्यर्थी केवल परीक्षा देने पहुंचे दोनो ही केन्द्रो पर 521अभ्यर्थी परीक्षा देने नही पहुंचे ।पुलिस ने अभ्यर्थियो को सघंन चेकिंग के बाद ही परीक्षा केन्द्रो के अंदर प्रवेश दिया ।वही तीसरी आंख की निगरानी में दोनो ही पालियो की परीक्षा सम्पन्न हुयी ।एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा ने दोनो ही परीक्षा केन्द्रो पर नजर बनाये रखी ओर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे ।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव भी भारी पुलिस फोर्स के साथ दोनो ही केन्द्रो पर मुश्तैद रहे ओर परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायी।

## वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए लगाए जाएंगे हाईमास्ट टावर, एसएमएस के जरिए भेजा जाएगा अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश में वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए संवेदनशील जिलों बिजनौर, मुरादाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच व गोंडा तथा महराजगंज में हाईमास्ट वाच टावर लगाए जाएंगे। साथ ही इन जिलों के लोगों को चीतों व तेंदुए की मौजूदगी के संबंध में मोबाइल पर अलर्ट रहने का संदेश भेजने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लोगों को उनके क्षेत्रों में वन्य जीवों के होने के बारे में जानकारी मिल सके और वह सावधान रहें।

वन विभाग के मुख्यालय में शनिवार को वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने पत्रकारों को बताया कि विभाग की तरफ से कोशिश की जा रही है कि मानव व वन्य जीवों के बीच हो रहे संघर्ष में कमी लाने व दोनों की सुरक्षा के लिए विभाग की तरफ से कई प्रयास किए जा रहे हैं।

### ड्रोन के जरिए की जा रही ट्रैकिंग

ड्रोन के जरिए चीतों व तेंदुओं की ट्रैकिंग की जा रही है। जिस क्षेत्र में चीता, तेंदुआ या भेड़िया होगा उसके बारे में लोगों को मोबाइल पर अलर्ट भेजने की भी व्यवस्था की जा रही है। पहली जनवरी 2024 से लेकर 23 अगस्त तक प्रदेश में 27 तेंदुआ, तीन बाघ व तीन भेड़ियों को रेस्क्यू (बचाया) जा चुका है। बिजनौर में सर्वाधिक 14 तेंदुए रेस्क्यू किए गए हैं। विभाग की तरफ से गोरखपुर, चित्रकूट, पीलीभीत व मेरठ में रेस्क्यू केंद्रों की स्थापना भी जल्द ही कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक ज्यादातर तेंदुआ (गुलदार) गन्ने के खेतों में मिले हैं। गन्ने के खेत में जाने से पहले शोर मचाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग की तरफ से हूटर भी खरीदने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग ने वन्य जीवों व लोगों के बीच टकराव को रोकने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया है।

### सोलर लाइटें लगाने की तैयारी

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व (बाघ अभयारण्य) में 40, दुधवा में 60, अमानगढ़ में 20 व रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 20 गांवों में एलईडी व सोलर लाइटें लगाने की तैयारी की जा रही है। इन क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग का काम करवाया जा चुका है। बीते दिनों प्रदेश में वन्य जीवों के साथ टकराव में पांच लोगों की मौत हुई है।

## नवशक्ति निर्माण सेना के जिला प्रभारी बने अरविंद कुमार सिंह

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।नवशक्ति निर्माण सेना (नशनस) ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया ने अरविन्द कुमार सिंह को ₹लखनऊ जिला प्रभारी₹ के पद पर नियुक्त किया है। यह संगठन लावारिश शवों की अंत्येष्टि सेवा प्रदान करता है, जिससे किसी भी व्यक्ति को बिना अंतिम संस्कार के नहीं छोड़ा जाता।

नव शक्ति निर्माण सेना "नशनस" का उद्देश्य लावारिश शवों के अंतिम संस्कार के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को प्रकट करना है। अंत्येष्टि का अर्थ है अंतिम यज्ञ, जो हिन्दू जीवन के सोलह संस्कारों में से एक है और मृत व्यक्ति की दाहक्रिया के लिए किया जाता है।

संगठन ने सभी से अपील की है कि वे नव शक्ति निर्माण सेना ट्रस्ट के साथ जुड़ें और अंत्येष्टि सेवा में अपना योगदान दें। जिसका कोई ना हो, उसका बने ! - यही उनका मंत्र है।

## संक्षेप

### चोरी के आरोप में युवक को विद्युत पोल में बांधकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गुरुवार को सोशल मीडिया पर रविदास नगर का एक वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें कुछ लोग एक युवक को चोरी के आरोप में विद्युत पोल में बांधकर मार पीट रहे थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया। वीडियो वॉयरल होने पर एसपी ने मामले को संज्ञान में लिया। मानवीय घटना को देखते हुये एसपी के निर्देश पर गंगाघाट पुलिस ने मोहल्ले के रहने वाले अब्दुल वहीद, शहनवाज, आरिफ, नासिर व कलीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस बावत कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि वीडियो में दिख रहे अन्य लोगों की भी पहचान कराई जा रही है। उनके खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की फरियाद को गंभीरता पूर्वक सुना वही समाधान दिवस में कुल पन्द्रह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे राजस्व के नौ व अन्य छह थे वही फरियादियों की फरियाद सुन संबंधित को प्रार्थना पत्र दे जल्द से जल्द कृत कार्यवाही से अवगत कराने की बात कही वही इस समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया वरिष्ठ उप निरीक्षक इरशाद अहमद, राम मोहन सिंह, के अलावा हरिश्चंद्र सिंह प्रेम नारायण पांडे, व क्षेत्रीय लेखपालों में अभिषेक गौर अनिल गौड़ के अलावा फरियादी मौजूद रहे

### थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी और तहसीलदार अविनाश चौधरी ने फारियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में 13 मामलों में पुलिस से सम्बंधित 3, राजस्व से 10 मामले आये। वहीं राजस्व के मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित राजस्व कर्मियों को सौंपा है। समाधान दिवस में मामलों का निस्तारण न होने से फारियादी मायूस होकर लौट गये। वहीं पुलिस के भी एक मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

# जल भराव से इलाको में लगा गंदगी का अंबार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर जुलाई और अगस्त माह में चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया था। इधर गंगा का जलस्तर में कई दिनों से गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बावजूद सैकड़ों मकानों के आस-पास बाढ़ का पानी भरा हुआ है। वहीं जलभराव वाले इलाकों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है।

गंगा के चेतावनी बिन्दु 112 पार कर गया था। जिस कारण गोताखोर, शाह नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया था। इधर गंगा का जलस्तर घटने के बाद क्षेत्र की गलियों में पानी तो कम हुआ लेकिन गंदगी और काई का जमावड़ा लग गया। जिसके कारण लोगों को गंदे पानी के बीच गुजर कर आवागमन करने की परेशानी उठानी पड़ रही है इसके अलावा गंदा पानी भरा होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। बदबू और गंदगी के बीच सैकड़ों घरों में रहने वालों पर संक्रामक बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। इन प्रभावित इलाकों में भरे बाढ़ का पानी न निकाले जाने के कारण क्षेत्रीय लोग खासे परेशान हैं। केन्द्रीय जल आयोग ने गंगा का जलस्तर 111.470 मीटर मापा। जो चेतावनी बिंदु से 53 सेंटीमीटर तटवर्ती इलाकों के लगभग तीन सौ घरों के आस पास बाढ़ का पानी भरा होने के कारण उन घरों की बिजली काट दी गई है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है और रात के अंधेरे में बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। जलस्तर घटने के बाद तटवर्ती इलाकों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में भारी बारिश और बाढ़ के कारण इन इलाकों में जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि हुई थी, जिससे स्थानीय निवासी गंभीर संकट का सामना कर रहे थे। बाढ़ की स्थिति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं, विशेष रूप से संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना को लेकर।

## डिस्पोजल व प्लास्टिक की सामग्री का प्रयोग न करें फूल विक्रेता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बताया है कि जिला मजिस्ट्रेट उन्नाव के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त फूल विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वैवाहिक, सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रामों के दौरान अदान-प्रदान किए जाने वाले फूलों के बुके अर्थात पुष्पगुच्छ को डिस्पोजबल सामग्री से बनाया जायें अथवा उन्हें ऐसी सामग्री से निर्मित किया जाए जो पर्यावरण के अनुकूल हों। उनमें प्लास्टिक का कदापि उपयोग न किया जायें। यदि कोई फूल विक्रेता उक्त निर्देशों का अनुपालन नही करता है और प्लास्टिक की पन्नी या प्लास्टिक के अन्य संसाधनों का प्रयोग करके पुष्पगुच्छ को बेचता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सुसंगत प्राविधानों के अर्न्तगत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# बढ़ रहे हैं डिप्थीरिया के मरीज तीन और मिले नए केस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गलघोंटू बीमारी डिप्थीरिया के तीन और नए केस मिले है। इनमें दो केस हाटस्पॉट बने असोहा और नया केस शहर में मिला है। बीमार बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बीमारी के हॉटस्पॉट सहरावां में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीकाकरण कर लोगों को बीमारी के बारे में जागरुक भी किया है। एक मरीज अंनत की हालत गंभीर होने पर रेफर किया है। जिले में गलघोंटू बीमारी डिप्थीरिया तेजी से पैर पसार रही है। आलम यह है कि अब एक मरीज शहर में भी मिला है। अब शहर के मोतीनगर निवासी आठ वर्षीय किशोरी मानसी में डिप्थीरिया की पुष्टि हुई है। किशोरी के गले में दिक्कत होने पर परिजन उसे पीडी नगर क्लीनिक ले गए थे। डॉक्टर ने किशोरी में डिप्थीरिया के लक्षण देखकर स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके अलावा असोहा के सहरावां में नौ वर्षीय अनुराधा, आठ वर्षीय जायरा में बीमारी की पुष्टि हुई है। इनमें अनुराधा, जायरा को जिला अस्पताल भेजा गया। सोहरामऊ के बाबाखेड़ा गांव के लाल लोधी के 13 वर्षीय बेटे करन में बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। इसके बाद करन का परिवार घर बंद कर कहीं चला गया। वहीं सहरावां गांव में सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसदौरान टीम ने जांच कर 40 लोगों का टीकाकरण किया। असोहा के सहरावां की छह वर्षीय स्नेहा और आठ साल की अंशिका में कुछ दिन पहले डिप्थीरिया की पुष्टि हुई थी। दोनों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पातल से कानपुर हैलेट रेफर किया गया था। परिजन दोनों को लेकर शहर स्थित नर्सिंगहोम में भर्ती करा दिया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर परिजन दोनों किशोरियों को लेकर एक अन्य चिकित्सक के पास पहुंचे। डिप्थीरिया के लक्षण दिखने पर स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी। इसके बाद दोनों को दोबारा जिला अस्पताल भेजा गया। असोहा और नवाबगंज ब्लॉक में डिप्थीरिया कहर के चलते पांच बच्चों की मौत भी हो चुकी है। कई बच्चे अभी भी बीमार है जो जिला अस्पताल में भर्ती हैं उनका इलाज चल रहा है।

# 65 लीटर अवैध कच्ची शराब किया बरामद



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा मय हमराह व आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन गुंजन सक्सेना व डी.के.चौधरी लखनऊ प्रभार, लखनऊ मय हमराह द्वारा तहसील-पुरवा, थाना-मौरावा अन्तर्गत ग्राम-गौरी, चित्ताखेड़ा व जनवारनखेड़ा में एकबारगी दबिश देते हुए 65लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 550 किग्रा महुआ लहन मौके पर नष्ट किया।

# व्यस्त इलाके में पति पत्नी में जमकर हुई मारपीट, तमाशा देखती रही खड़ी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में आदर्श नगर स्थित शिवांशी रेस्टोरेंट के पास पति और पत्नी के बीच हुई भीषण मारपीट ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने न केवल विवाद की स्थिति को संभालने में ढिलाई बरती, बल्कि मारपीट का तमाशा भी देखा, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इस घटना में पति-पत्नी के बीच की मारपीट ने इलाके के निवासियों को चौंका दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ, जिसमें गालियां और शारीरिक हिंसा शामिल थी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति पर काबू पाने के बजाय, उन्होंने केवल घटनाक्रम का मूकदर्शक बनकर तमाशा देखा। यह देखकर वहां जमा लोगों में नाराजगी फैल गई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी केवल अपनी मौजूदगी को दशार्ते हुए खड़े हैं, जबकि पति और पत्नी के बीच की मारपीट बढ़ती जा रही है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पुलिस ने अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, यह कहते हुए कि पुलिस को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए था और हिंसा को रोकना चाहिए था। हालांकि अब पुलिस ने अब मामले की जांच शुरू कर दी है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। स्थानीय अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि पुलिस की मौजूदगी में मारपीट का घटनाक्रम दशार्ता है कि स्थिति को संभालने में गंभीर चूक हुई है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने कहा कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# माताओ ने पुत्र की खुशहाली के लिए रक्खा हरछठ का व्रत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। हरछठ का पर्व शनिवार को क्षेत्र में परंपरागत तरीके के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पुत्रों की लंबी आयु तथा खुशहाली के लिए व्रत रखा। बलराम और छठ देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। माताओं ने घरों में पूजन किया। भुने अनाज और मेवा का प्रसाद चढ़ाने के बाद बच्चों में वितरित किया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में शनिवार को हर छठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया यह पर्वभाद्रप्रद मास के कृष्ण पक्ष की छठी पर मनाया जाता हैं महिलाएं स्नान-ध्यान करने के बाद विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूजन सामग्री में छिउल, कांस, मिट्टी के कुल्हड़, खिलौने, भूने चना, गेहूं, लावा, खिलौने व मेवे आदि शामिल किया। अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार कहीं पुरोहितों तो कहीं घर की बुजुर्ग महिला ने छठ देवी कीकथा सुनाई। बाद में व्रत रखने वाली महिलाओं ने घर में बड़ी-बूढ़ी महिलाओं और बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। चीनी के कुल्हड़ में रखे पंचमेवा और महुआ के पत्ते पर पसई के चावल और दही खाया। इस व्रत में एक ही समय फलाहार के नियम का महिलाओं ने पालन किया। महिलाओं का कहना है कि इस दिन भगवान की उपासना करने से पुत्र की आयु लंबी होती है। तीज त्योहारों में हलछठ का विशेष महत्व है। प्रत्येक पुत्रवती महिलाओं के लिए यह व्रत खास होता है। पुत्रों की लंबी आयु की कामना को लेकर व्रत रखा जाता है। महिलाओं ने जहां बड़े ही उत्साह के साथ व्रत व पूजन किया। वहीं बच्चों में भी खासी खुशी रही।

# बिना नोटिस के फैक्ट्री से कर्मचारियों को किया बाहर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। स्थित सुपर हाउस टेनरी वन फैक्ट्री में लगभग एक सैकड़ा कर्मचारियों को बिना किसी सूचना के बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद वहां हंगामा मच गया। कर्मचारियों का आरोप है कि वे पिछले 37 सालों से इस फैक्ट्री में काम कर रहे थे और अचानक उनकी सेवाओं को समाप्त कर दिया गया। फैक्ट्री के बाहर कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें बिना किसी नोटिस के नौकरी से निकाल दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस फैक्ट्री के साथ जुड़े हुए थे और इस अचानक निर्णय से वे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। फैक्ट्री गेट के सामने कर्मचारियों ने इकट्ठे होकर अपनी नाराजगी व्यक्त की और मांगों को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें न तो किसी प्रकार की सूचना दी गई और न ही उचित मुआवजा प्रदान किया गया। उनका आरोप है कि इस तरह के अप्रत्याशित फैसले से उनके जीवन और परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कर्मचारियों ने इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधन से उचित कार्रवाई की मांग की और इसे कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन करार दिया। फैक्ट्री के बाहर जमा हुए कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने प्रबंधन से कई बार बातचीत की कोशिश की, लेकिन प्रबंधन ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। कर्मचारियों का कहना है कि उनके पास किसी प्रकार की कानूनी सहायता या सरकारी सहायता प्राप्त करने का कोई ठोस मार्गदर्शन नहीं है, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। सुपर हाउस टेनरी वन के प्रबंधन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत की पुष्टि भी नहीं की है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन और श्रम विभाग को भी इस विवाद की जानकारी दी गई है और वे इस मामले की जांच करने का आश्वासन दे रहे हैं।

# दोस्त को परीक्षा दिलाने जा रहा युवक ट्रेन से गिरा

## यात्रियों ने चैन पुलिंग कर रोकी ट्रेन, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, दोस्त को यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा दिलाने वाराणसी जा रहा युवक मिर्जापुर में काशी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। स्थानीय और मंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद उसे वाराणसी भेज दिया गया। घायल युवक मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के पलेरा का रहने वाला सूरज अहिरवार पुत्र रधुवीर प्रसाद अहिरवार है। धर्मेंद्र अपने साथी सूरज के साथ वाराणसी में परीक्षा देने जा रहा था। सूरज ट्रेन के गेट पर बैठा सफर कर रहा था। इसी बीच वह गैपुरा में ट्रेन की बोगी से गिर पड़ा। एक यात्री के गिरने पर बोगी में सवार लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई। गाड़ी संख्या 15017 काशी एक्सप्रेस धीरे धीरे चल रही थी। यात्रियों ने चैन पुलिंग कर ट्रेन रोका। गार्ड की नजर घायल युवक पर पड़ी। जिसे पीछे के जनरल कोच में चढ़ाया गया। हादसे की जानकारी मेमो से अगले स्टेशन पर दिया गया। मिर्जापुर स्टेशन पहुंचने पर रेलवे पुलिस बल के सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र दुबे, क्यूआरटी. टीम, आन ड्यूटी वरिष्ठ सी.सी.टी.सी आकृति, रेलवे विभाग के डॉक्टर वीके सिंह ने घायल को अटेंड किया। प्राथमिक उपचार के बाद रेलवे के चिकित्सक ने सूरज को जिला चिकित्सालय मिर्जापुर के लिए रेफर किया। जिसे उसके साथी धर्मेंद्र कुमार और हेड कॉन्स्टेबल गिरधर कुशवाहा के साथ घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस 108 से जिला चिकित्सालय भेजा गया। उसके साथी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि 25 अगस्त को मेरा वाराणसी में पुलिस का पेपर है। जिसके लिए में अपने साथी के साथ मानिकपुर से वाराणसी जा रहे था। खाना खाने के बाद वह बाथरुम गया। काफी देर तक वह नहीं लौटा। कुछ देर बाद किसी के गाड़ी से नीच गिरने का शोर मचा। उसके सिर में व बांए साइड सीने के बगल में चोट आई है। जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ सप्ताह का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत में कलश यात्रा के साथ ही आज से सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ सप्ताह की शुरूआत हो गई। यह कलश यात्रा नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला गांधी नगर से शुरू होकर शीतला देवी मंदिर से होते हुए गंगा तट तक गई और वहां से गंगाजल लाकर कलश स्थापना की गई।

गांधी नगर फतेहपुर चौरासी में आज से शुरू हो रहे ज्ञान यज्ञ सप्ताह की शुरूआत कलश यात्रा निकालनें से हो गई। यह यात्रा यजमान के घर से शुरू होकर नगर की गलियों के बिभिन्न मंदिरों से होते हुए शीतला देवी मंदिर पहुंची। जहाँ से सैकड़ों संख्या मे महिला पुरूष श्रद्धालु की भीड़ गंगा तट पहुंची और वहाँ गंगा स्नान कर भक्त गंगा जल लेकर वापस आये और कलश स्थापना की। शाम 6बजे से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है। कथा व्यास श्री नीरज स्वरुप ब्रम्हचारी के मुखारबिंद से भक्त श्रीमद भागवत कथा का रसपान करेंगे। यह कथा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक होगी। 30 अगस्त को कथा का विश्राम होगा। भागवत आचार्य अरविन्द द्विवेदी, परीक्षित श्रीमती कुशुम एवं संतकुमार त्रिवेदीभागवत कथा के आयोजक रघुवंश नरायण त्रिवेदी एवं सन्त कुमार त्रिवेदी हैं। इस कार्यक्रम में यजमान के पुत्र पुत्री बहू पौत्र पौत्री सहित पूरा परिवार एकत्रित हुआ है। धाम, पाद गया, नाभि गया नैमिषारण्य, मातृ गया सिद्धपुर, कपाल गया बद्रीनाथ धाम पूर्ण होने के उपरान्त 31अगस्त शनिवार को हवन एवं गया भोज का आयोजन है। भोज में प्रसाद ग्रहण हेतु आप सभी को सपरिवार सादर आमन्त्रित किया जा रहा है ।

# प्रधान-पति पर शौचालय के नाम पर पैसे मांगने का आरोप

### जलालाबाद में युवक ने की शिकायत, पैसा न देने पर नाम काटने की धमकी दी

अमन लेखनी समाचार




जलालाबाद, जलालाबाद क्षेत्र के लालपुर अमिलिया गांव में प्रधानपति सूर्यप्रताप उर्फ दीपू की एक गैरकानूनी हरकत ने लोगों का ध्यान खींचा है। शौचालय के नाम पर प्रधानपति ने एक हजार रुपए की वसूली की, जिसके खिलाफ अब लोगों में नाराजगी है। गांव के निवासी रमाकांत पुत्र रामनिवास ने जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को शिकायत पत्र देकर इस घोटाले का खुलासा किया है। शिकायत के मुताबिक, प्रधान आरती देवी और उनके पति सूर्यप्रताप उर्फ दीपू ने शौचालय के लिए दो हजार रुपए की मांग की। रमाकांत ने पैसे की कमी का हवाला देते हुए प्रधानपति से एक हजार रुपए की रकम देने के लिए कहा, लेकिन प्रधानपति ने साफ तौर पर कहा कि पहले एक हजार रुपए नकद दो और बाकी पैसे खाते में आने के बाद देंगे। पैसे न देने पर शौचालय की योजना से वंचित रहने की धमकी भी दी गई, जिसकी ऑडियो रिकार्डिंग पीड़ित के पास है। 20 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे प्रधानपति दीपू ने रमाकांत को बुलाया और एक हजार रुपए की मांग की। रमाकांत ने ब्लॉक में जाकर पैसे की जानकारी ली और पाया कि पैसे की आवश्यकता नहीं है। इस पर प्रधानपति दीपू ने बौखलाकर रमाकांत को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। रमाकांत ने प्रधानपति पर आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उसने उसे झूठे हरिजन एक्ट और बलात्कार जैसे गंभीर मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।

# विंध्य गुरुकुल कॉलेज में जन्माष्टमी पर हुआ आयोजन

- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, भक्तिमय हुआ माहौल

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुर के चुनार स्थित विंध्य गुरुकुल कॉलेज एवं विंध्य गुरुकुल कॉलेज ऑफ फामेर्सी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें मनीत कौर, रितिका, अंशिका, श्वेता, कविता, शिवानी, ज्योति, गरिमा, वैशाली, आरती, अमृता एवं यज्ञा ने भाग लिया। उनके अद्भुत प्रदर्शन ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. आशीष मिश्र ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीला और उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए।

उनके आचरण को जीवन में आत्मसात करने का उपदेश दिया। फामेर्सी की उप प्राचार्य डॉ. सुशीला गुप्ता ने भी भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता गण भी उपस्थित रहे, और पूरा महाविद्यालय कृष्णमय हो गया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

## सम्पादकीय

# धार्मिक कट्टरता की हद पार कर रहा पड़ोसी पाकिस्तान

जब 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ तो इसके धर्मनिरपेक्ष संस्थापकों ने इस्लामिक राज्य की बात नहीं की थी। मुहम्मद अली जिन्ना ने कहा था कि नए देश में गैर-मुस्लिम समान नागरिक होंगे। अपने इन्हीं विचारों पर चलते हुए जिन्ना ने बहु-धर्मीय राज्य स्थापित करने की कोशिश की, और पाकिस्तान के पहले मंत्रिमंडल में एक हिंदू, कई शिया और एक अहमदी को नामित किया गया। हालांकि, आज पाकिस्तान धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव और उत्पीड़न का गढ़ बन गया है। पूरे देश में, शिया मुसलमानों को सुन्नियों द्वारा बदनाम करने वाले अभियानों का सामना करना पड़ रहा है जो उन्हें गैर-मुस्लिम घोषित करने का प्रयास किया जाता है। अहमदी- जो उपमहाद्वीप पर मुस्लिम मातृभूमि बनाने की जिन्ना की खोज में उनके सबसे उत्साही समर्थकों में से थे, अब पूरी तरह से प्रतिनिधित्वहीन हैं, आधुनिक पाकिस्तान में वस्तुतः बहिष्कृत के रूप में रह रहे हैं। इसके अलावा, पाकिस्तानी सरकार की नीतियां और संस्थाएं गहराई से सांप्रदायिक हो गई हैं, और कैबिनेट-स्तर पर गैर-सुन्नी मुस्लिम प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नियुक्तियों तक सीमित है। अगर मुस्लिम समाज के ही एक हिस्से का यह हाल है तो अन्य धर्म से जुड़े हिंदू, सिख, पारसी, जैन समाज की हालत क्या होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब एक नया मामला सामने आया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सैकड़ों कट्टरपंथियों की भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर धावा बोल दिया। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा के ईशनिंदा से जुड़े एक फैसले पर नाराज थे। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान के चीफ जस्टिस का इस्तीफा मांग रहे थे। उनकी अदालत का फैसला पलटने की भी मांग थी। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का सुरक्षा घेरा तोड़ा। उन्हें कोर्ट में घुसने से रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन आलमी मजलिस ने सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले की समीक्षा के लिए 7 सितंबर तक का वक्त दिया है। बताया जा रहा है कि एफसीर-ए-सगीर, अहमदिया समुदाय से जुड़ी एक धार्मिक किताब है। इसमें अहमदिया संप्रदाय के संस्थापक के बेटे मिर्जा बशीर अहमद ने कुरान की व्याख्या अपने हिसाब से की है। सानी को कुरान (प्रिंटिंग एंड रिकॉर्डिंग) (संशोधन) एक्ट, 2021 के तहत गिरफ्तार किया गया था। सानी ने अदालत में दलील दी कि उसे जिस एक्ट के तहत सजा दी जा रही है वह 2019 में था ही नहीं। वह तब अपने धर्म से जुड़ी किताब का प्रचार करने के लिए आजाद था। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील पर सहमति जताई और उसे रिहा कर दिया। इस फैसले से धार्मिक संगठन नाराज हो गए। उन्होंने इसकी अलग तरह से व्याख्या करते हुए कहा कि अदालत ने यह माना है कि अहमदिया समुदाय अपनी मस्जिदों के बाहर धर्म का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते हैं। मतलब यह है कि वे अपनी मस्जिद में अपने मजहब का पालन कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में ऐसी कट्टरता देखी गई हो। ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। वहां हिन्दू, सिख, पारसी महफूज नहीं है और लगातार पलायन कर रहे हैं। कट्टरता का इससे दर्दनाक उदाहरण क्या होगा कि वहां के एक हिन्दू पूर्व सांसद भागकर हरियाणा के फतेहाबाद में आ गए और मजदूरी करके पेट पाल रहे हैं। उनका कहना था कि वहां उनका परिवार सुरक्षित नहीं था। वहां विश्वविद्यालय को मदरसे से कम आंका जाता है। भविष्य में भी सुधार की गुंजाइश नहीं है।

# पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर



शिवप्रकाश

पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की संपूर्ण देश में 300वीं जन्म-जयंती मनाई जा रही है। अनेक सामाजिक संस्थाएं एवं महिला संगठन उनके जयंती वर्ष में उनके अलग-अलग गुणों को प्रकट करने वाले कार्यक्रम एवं गोष्ठियो का आयोजन कर रहे हैं। अनेक सरकारें भी महारानी अहिल्याबाई के सुशासन, नगरीय विकास, रोजगार परक उद्योगनीति जैसे विषयों पर संवाद आयोजित कर रही हैं। महारानी का जीवन एवं शासन शैली संवेदनशील, सादगी, सहजता, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थी। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' ( The Philosopher Queen) की उपाधि दी।

अहिल्या बाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीला बाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्म स्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया। युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा। अपने जीवनकाल में उन्होंने श्वसुर मल्हारराव होल्कर,नवासे (पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़ कर चली गई ।

पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजा वत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। अपनी धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की। उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह माँ नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सके । माँ नर्मदा के किनारे उनका महल एक सर्वस्वत्यागी सन्यासिनी का महल था । जिसमें उन्होंने अपनी आयु के 28 वर्ष व्यतीत किए थे।

देश की सरकारे वर्तमान समय में अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में समाज के जिस पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं लघु उद्योग केंद्रित नीतियों का विचार करती हैं। आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस दूरदृष्टि का परिचय देते हुए 1745 में एक राजज्ञा द्वारा बुनकर, सुतार, कारीगरों को महेश्वर में निवास करने का आग्रह किया। आर्थिक विकास की दिशा में उनके द्वारा की गई अनेक पहल में से एक महेश्वर में निर्मित साड़ी आज भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। जिसे महेश्वरी साड़ी के नाम से जाना जाता है। इस उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वह स्वयं भी वहाँ निर्मित वस्त्र पहनती थी एवं देश- विदेश से आने वाले महानुभावों को भेंट स्वरूप इन्हीं वस्त्रों को प्रदान भी करती थी। प्राकृतिक आपदा में किसानों का सहयोग, सेना आवागमन से होने वाली फसलों की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था भी उन्होंने की थी। आत्म निर्भरता के साथ-साथ शिक्षा का केंद्र महेश्वर बने इसके लिए विद्वानों, धर्माचार्यों को बुलाकर संस्कृत पाठशाला प्रारंभ करने का कार्य भी उनके द्वारा हुआ।



मल्हार राव के युद्ध अभियानों पर जाने के उपरांत महारानी अहिल्याबाई राज्य का संचालन भी कुशलता के साथ करती थी। पत्राचार के माध्यम से मल्हार राव को अपने राज्य के समाचार भेजना एवं प्रत्युत्तर में राज्य संचालन के लिए सुझाव लेना यह उनकी नियमित प्रक्रिया थी। सेवा एवं रसद सामग्री का प्रबंध,कर वसूली आदि की व्यवस्था बड़ी निपुणता के साथ उन्होंने की थी।

महारानी स्त्री होने के बाद भी न केवल राज्य संचालन में निपुण, बल्कि एक कुशल योद्धा भी थी। बचपन में ही सैन्यशिक्षा, घुड़सवारी, शस्त्र संचालन उन्होंने सीखा था। राघोवा के आक्रमण के समय अपने राज्य की रक्षा के लिए कूटनीति का परिचय देते हुए उन्होंने पुराने संबंधों के आधार पर सिंधिया, भोंसले, गायकवाड आदि का सहयोग माँगा। राघोवा को उचित दंड देने के लिए 500 महिलाओं की सैन्य टुकड़ी को प्रशिक्षित भी किया। राघोवा को उनके द्वारा लिखा पत्र आज भी उनकी कूटनीतिक दूरदर्शिता को प्रकट करता है। जिसमें उन्होंने लिखा कि "आप मुझे अबला समझकर राज्य हड़पने के लिए यहां आए हैं लेकिन मेरी शक्ति आपको युद्ध क्षेत्र में ज्ञात होगी। मैं महिला सेना के साथ आपका मुकाबला करूंगी। यदि मैं युद्ध में पराजित हो गई तब मेरी हंसी और आपकी प्रशंसा कोई नहीं करेगा और यदि आप युद्ध में हार गए तो आप कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे।" केवल राघोवा ही नहीं अपने राज्य की सीमाओं पर राजस्थान की ओर से मिलने वाली चुनौती का भी उन्होंने साहस के साथ सामना कर शत्रु को कुचलने का कार्य किया। सेना का संचालन, सैनिकों की चिकित्सा आदि भी उन्होंने कुशलता के साथ की। नाना फड़नवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि "अब तक देवी अहिल्याबाई की धार्मिकता की प्रशंसा तो हम सुनते आए हैं मगर हम नहीं जानते थे कि वह बहादुर भी हैं अपने शत्रुओं के दांत खट्टे कर सकती हैं।"

महारानी अहिल्याबाई का शासन कठोर एवं न्याय प्रिय शासन था। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच - नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर चोरों के भय से जनता को मुक्ति प्रदान करने वाले नौजवान से अपनी पुत्री का विवाह किया। गरीब एवं कमजोर लोगों की सेवा में वह हमेशा तत्पर रहती थी। पति की मृत्यु के पश्चात पति की संपत्ति पर पूर्ण अधिकार की व्यवस्था एवं स्त्री को दत्तक लेने का अधिकार देना यह उनके महिला सशक्तिकरण के उदाहरण है। उनके राज्य में रहने वाले भीलों (जनजाति) को अपराध मुक्त करने के लिए कृषि के औजार उपलब्ध कराकर सशक्त करने का कार्य उन्होंने किया। अपराध करने पर कठोर दंड एवं समस्याओं का त्वरित समाधान यह उनके शासन की विशेषता थी। पक्षपात रहित सभी को समान न्याय उनके शासन में था। इसके लिए अपने सेनापति के पुत्र को भी अपराध करने पर उन्होंने जेल में डलवा दिया था। प्रजा को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति उन्होंने की थी।अपने राज्य कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील एवं आत्मीयता पूर्ण व्यवहार, युद्ध में वीरगति पाने वाले सैनिक परिवारों के कल्याण की व्यवस्था को राज्य कोष से करने का प्रबंध उन्होंने किया था। अपने प्रति कठोर जीवन जीते हुए , प्रजा का पुत्र की तरह पालन, लोक कल्याण की योजनाएं एवं न्यायप्रियता के कारण उनको लोकमाता की उपाधि मिली।

राज्य संचालन में अनेक गुण होने के बाद भी उनका शासन मूलतःधर्म अधिष्ठित शासन था। जहां उनके व्यक्तिगत जीवन में सेवा, त्याग -तपस्या एवं दान का महत्व था वहीं उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार, उनकी स्थायी आर्थिक व्यवस्था,यात्रियों के लिए विश्राम स्थल एवं अन्न क्षेत्र स्थापित कराए। अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर वह उनके प्रतिनिधि के रूप में शासनचलातीं थी। हिमालय में स्थित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ, दक्षिण में रामेश्वरम, पश्चिम में द्वारिका से लेकर पूर्व में जगन्नाथ पुरी तक उनके द्वारा चलाएं सेवा कार्य आज भी प्रसिद्ध है। तीर्थ स्थानो पर गंगा जल भिजवाने की व्यवस्था देश को एकसूत्र में बांधती दिखाई देती है। काशी विश्वनाथ मंदिर केजीर्णोद्धार सहित देश के लगभग समस्त तीर्थ क्षेत्रों के विकास, हरिद्वार के गंगा घाटों सहित देशभर की नदियों के किनारे सैकड़ों स्थानों पर उन्होंने पक्के घाटों का निर्माण कराकर तीर्थ यात्रियों के उचित स्नान की व्यवस्था करायी । समस्त अगणित धार्मिक कार्य वह अपने भाग में प्राप्त संपत्ति के द्वारा कराती थी। वह दीन- दुखी, गरीबों के लिए समर्पित निष्ठावान कर्मयोगी थी।

दक्षिण के प्रसिद्ध इतिहासकार रायबहादुर चिंतामणि विनायक वैद्य ने महारानी के संदर्भ में लिखा है कि वह लोकोत्तर स्त्री अपने अनेक गुणों के कारण महाराष्ट्र के लिए ही नहीं वरन समूची मानव जाति के लिए भूषण रूप हुई है। इंदौर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने उद्बोधन में कहा था कि "मैं देवी अहिल्याबाई को भी नमन करता हुँ उनका पुण्यस्मरण करता हूं। देवी अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्वकल्याण करने का संकल्प लें। महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## स्वरूप

डॉ. विशेष गुप्ता




# ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा के भंवर में फंसा छात्र

कोरोना काल ने जिसे सबसे अधिक प्रभावित किया वह शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पठन-पाठन का स्वरूप रहा है। प्राथमिक स्कूल की शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक भी इस काल में प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकी। परन्तु इस कालखंड में ऑनलाइन शिक्षा का ऐसा महिमामंडन किया गया जैसे भारत की परम्परागत शिक्षा अपने नये स्वरूप में ऑनलाइन शिक्षा का ढांचा लेकर स्वदेशी शिक्षा का ही अहसास करा रही हो। आज भी देखने में आ रहा है कि शिक्षक, छात्र व अभिभावकों ने भी शिक्षा की समस्त समस्याओं का समाधान इस ऑनलाइन शिक्षा को ही मान लिया है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या ऑफलाइन शिक्षा को छोड़कर इस ऑनलाइन शिक्षा में छात्र के साथ-साथ देश व समाज की सभी समस्याओं का हल मौजूद है। क्या ऑनलाइन शिक्षा ऑफलाइन अथवा कक्षीय शिक्षा का सही विकल्प हो सकती है ? क्या ऑनलाइन शिक्षा भारतीय परिवेश की मूल शिक्षा के समानान्तर खड़ी हो सकती है? ये कुछ ऐसे सामयिक प्रश्न हैं जिनका उत्तर समय रहते खोजना समीचीन प्रतीत होता है। दरअसल, इन प्रश्नों का उत्तर खोजने के लिए हमें शिक्षा के कुछ मूल व प्राथमिक उद्देश्यों को जानना व समझना होगा। यहां हम भारतीय ज्ञान परम्परा में समाहित प्रमुख रूप से शिक्षा के तीन उद्देश्यों की चर्चा करेंगे।

शिक्षा के प्रथम उद्देश्य व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि कक्षा शिक्षण द्वारा छात्र को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं दिया जाता, बल्कि साथ ही उसके व्यक्तित्व को निखारने और उसके चारित्रिक गुणों के विकास की प्रक्रिया भी निरन्तर चलती रहती है। शिक्षा के ऑफलाइन प्रकार में शिक्षक का आचरण और उसके संतुलित व्यवहार के प्रत्यक्ष पहलू भी छात्रों को प्रभावित करते हैं। संस्था के परिसर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों का आपसी संवाद, बहस, विवेचन तथा तर्क प्रस्तुति इत्यादि छात्र के संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। संस्था में सम्पन्न होने वाली विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियां छात्र के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाती हैं। ऑनलाइन शिक्षा में गतिविधियां लगभग शून्यता लिए हुए रहती हैं। इस परिस्थिति में छात्र गूगल अथवा इन्टरनेट के अन्य माध्यमों से सैद्धान्तिक ज्ञान तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन वहां मानवीय व एकल व्यक्तित्व के निर्माण की प्रक्रिया नगण्य ही रहती है। शिक्षा का दूसरा उद्देश्य समाज का कल्याण है, जो पहले लक्ष्य से ही जुड़ा हुआ है। अगर व्यक्ति में सामाजिक जीवन के लिए जरूरी गुण जैसे सामूहिकता,भ्रातृ भाव, सहिष्णुता व आपसी सद्भाव इत्यादि ठीक से विकसित न हो पाएं तो समाज भौतिक स्तर पर भले ही सम्पन्न हो जाएं, लेकिन उसमें अनेक प्रकार की विसंगतियां रहेंगी और जो विविध प्रकार की सामाजिक समस्याओं को जन्म देंगी। शिक्षा का तीसरा उद्देश्य ज्ञान का विकास भी ऑनलाइन पद्धति में एक सीमा तक ही संभव है। उसमें पुस्तकीय सैद्धांतिक ज्ञान तो हासिल होगा, लेकिन व्यावहारिक ज्ञान से अपेक्षाकृत छात्र वंचित ही रहेंगे। देखा जाये तो विज्ञान, तकनीक और चिकित्सा जैसे विषयों की पढ़ाई तो इन विषयों के व्यावहारिक ज्ञान के बिना न तो संभव होगी और न ही पूर्णता प्राप्त करेगी। छात्रों के ज्ञान के परीक्षण में भी ऑनलाइन पद्धति पूरी तरह से सफल नहीं है। ऑनलाइन शिक्षा में आमतौर पर वस्तुनिष्ठ प्रारूप में परीक्षाएं होती हैं। इसमें ऑफलाईन परीक्षा की तरह विद्यार्थियों के संपूर्ण विवेचन और समालोचनात्मक दृष्टिकोण का सम्यक परीक्षण नहीं हो पाता। शिक्षा के अन्य उद्देश्यों में एक अन्य उद्देश्य रोजगारपरक शिक्षा भी है। परन्तु यहां कहना न होगा कि विशुद्ध ऑनलाइन डिग्री से जुड़ी शिक्षा इसमें ज्यादा कारगर सिद्ध नहीं होगी। मल्टीटास्किंग के वर्तमान कालखंड में विशुद्ध सैद्धान्तिक ज्ञान से ज्यादा व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक कौशल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो ऑनलाइन में कमोबेश अधूरा ही रह जाता है।

आज ऑनलाइन शिक्षा को वर्तमान आधुनिक शिक्षा के लिए एक अचूक औषधि माना जा रहा है।

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'




संकलित

**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# काम करते रहना ज्यादा महत्वपूर्ण



संकलित

**प्रेरणा**

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## स्वर्ण आभूषण



*सुनार संजय नाना वेदक ने बुधवार को मुंबई में अपनी दुकान पर भगवान गणेश की मूर्ति के लिए अपने द्वारा तैयार किए गए आभूषणों को प्रदर्शित किया। वह तीन दशकों से अधिक समय से गणेश की मूर्तियों के लिए सोने और सोने की परत चढ़े आभूषण बना रहे हैं।*

## आज की पाती


### मनुष्य जन्म का महत्त्व समझें

श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। साधन धाम मोच्छ कर द्वारास पाइ न जेहिं परलोक संवारा॥' अर्थात हमें मनुष्य का तन मिलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यह तन देवताओं के लिए भी दुर्लभ होता है। मनुष्य तन से ही हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। हमें जो अपने अच्छे कर्मों से मनुष्य का जीवन सौभाग्य से मिला है, इसका हमें उचित प्रयोग करना चाहिए, अनुचित काम करके इस मनुष्य जीवन को नष्ट नहीं करना चाहिए। भगवान के दिए अनमोल इनसानी जीवन को आत्महत्या द्वारा समाप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और हर मुसीबत का सामना करने का सबक पढ़ाएं, ताकि बच्चे जिंदगी में कभी कोई गलत राह न चुनें। **- कमलेश चतुर्वेदी, दुर्ग**

## करंट अफेयर

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन की पश्चिम एशिया की यात्रा समाप्त


गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की पश्चिम एशिया की नौवीं यात्रा समाप्त हो गई, लेकिन इस दौरान इजराइल और हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौता नहीं हो सका। हमास और इजराइल द्वारा चुनौतियां बरकरार रहने के संकेत दिए जाने के बीच ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा कि समझौते को इसी 'समय करना बहुत महत्वपूर्ण है।'' ब्लिंकन ने सहयोगी मध्यस्थ देशों मिस्र और कतर में बैठकों के बाद कहा कि चूंकि, इजराइल ने हमास के साथ मतभेदों को पाटने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, इसलिए अब 'हमास को साथ लाने' के लिए हर संभव प्रयास करने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित है



## ऑफ बीट

### पुरुषों में होती है जैविक घड़ी क्षमता होती है प्रभावित

हम महिलाओं की जैविक घड़ी के बारे में बहुत कुछ सुनते हैं और कैसे उम्र गर्भधारण की संभावना को प्रभावित करती है। नए शोध से पता चलता है कि पुरुषों की प्रजनन क्षमता भी उम्र से प्रभावित होती है। जब पुरुष की उम्र 50 से अधिक हो, तो उसकी पत्नी को गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। 2011 और 2022 के बीच अमेरिका में चार करोड़ 60 लाख से अधिक जन्मों के डेटा में 30 साल के पिता की तुलना 50 साल के पिता से की गई। मां की उम्र और गर्भावस्था के परिणामों को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए,



## ट्रेंड

### यूक्रेन का दौरा



मैं ज़ेलेंस्की राष्ट्रपति के निमंत्रण पर यूक्रेन का दौरा करूंगा। यह यात्रा उनके साथ पहले हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने और भारत-यूक्रेन मित्रता को गहरा करने का अवसर होगी। हम यूक्रेन में चल रहे शांतिपूर्ण समाधान पर भी दृष्टिकोण साझा करेंगे। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जातिगत गिनती



संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50% आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### खुशी की बात



मलेशिया के प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य और खुशी की बात थी। मलेशिया में सबसे बड़ा बायोफार्मा निवेश है। हमने आयात को प्रतिस्थापित करते हुए एशिया की सबसे बड़ी इंसुलिन सुविधाएं बनाई हैं और वैश्विक स्तर पर इंसुलिन का निर्यात भी किया है। - किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### 'इमरजेंसी' का प्रचार



क्या आप कलर्स टीवी पर लाफ्टर शेफ्स देखते हैं? वहां मेरी फिल्म इमरजेंसी का प्रचार हो रहा है, गणेश चतुर्थी एपिसोड देखें। -कंगना रनौत, फिल्म अभिनेत्री

## संक्षेप

### नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

#### जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नवागत मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने पूर्वान्ह में मुख्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व श्री चन्द्र उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड लखनऊ में संयुक्त प्रबन्ध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2018 बैच के आईएएस अधिकारी श्री चन्द्र ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट। इसके उपरान्त विकास भवन स्थित अपने कक्ष में विकास से सम्बन्धित अधिकारियों से भेंट कर जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### अमरोहा में घर से भागे प्रेमी युगल ने रचाई शादी

#### वीडियो बनाकर प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार, भाई और जीजा पर जान से मरवाने का लगाया आरोप

हसनपुर, अमरोहा के सैदनंगली क्षेत्र के उझारी मोहल्ले की रहने वाली एक युवती ने अपने भाई और जीजा पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। युवती ने दावा किया है कि उसने अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज की है और अब उसे तथा उसके प्रेमी को लगातार धमकियां मिल रही हैं। वीडियो में युवती ने बताया कि उसकी उम्र 20 साल है और उसने अपने प्रेमी के साथ अपनी मर्जी से शादी की है। दोनों ने इलाहाबाद में कोर्ट मैरिज की है। युवती ने वीडियो में स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह से समझदार है और अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रही है। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई और जीजा उनकी जान के दुश्मन हैं और उन्हें मारने की धमकियां दे रहे हैं। युवती ने बताया कि उसके परिवार वालों ने उनके खिलाफ बदमाश भी लगा रखे हैं, जो लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं।

### सिद्धार्थनगर में मेडिकल असेसमेंट शिविर का आयोजन

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के ब्लाक संसाधन केंद्र भनवापुर में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 6 से 14 वर्ष के बीच के दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट शिविर लगाया गया। जिसमें उपस्थित चिकित्सकों ने 65 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया। इनमें से 30 का प्रमाणपत्र मौके पर बनाया गया। जबकि 20 को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया एवं 15 बच्चों को दिव्यांगता की श्रेणी में नहीं पाया गया। चिकित्सकों की टीम में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के आर्थो सर्जन डॉ. अंगद वर्मा, ईएनटी सर्जन डॉ. संजय कुमार शर्मा, डॉ आर के वर्मा नेत्र सर्जन शामिल थे।

# सद्भावना संस्था ने सांसद डॉ आनंद गोंड को किया सम्मानित

## बहराइच के विकास के लिए प्रयासरत सांसद के कार्यो को संस्था प्रमुख ने सराहा

### श्रमिकों व गरीबों के लिए लंबे समय से कार्य कर रही संस्था

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। श्रमिकों के लिए बहराइच और श्रावस्ती में सक्रियता के साथ काम करने वाली सामाजिक संस्था सद्भावना की टीम ने सांसद आनंद गोंड को अंग वस्त्र एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जनपद बहराइच में थारू समाज के उत्थान मजदूर बेसहारों के लिए सरकार की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने तथा बहराइच जनपद में रेल बस स्वास्थ्य शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत युवा सांसद डॉक्टर आनंद गोंड़ को सामाजिक संस्था सद्भावना के अध्यक्ष योगेंद्रमणि त्रिपाठी व उनकी टीम ने सम्मानित किया है। संस्था के प्रमुख योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने सांसद की तारीफ करते हुए कहा कि 1980 से 2024 तक बहराइच में बहुत से सांसद निर्वाचित हुए लेकिन जनपद को युवा शिक्षित एवं विकास की ओर ले जाने वाला पहला सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड के रूप में हमें मिला है। संस्था से सम्मान प्राप्त करते हुए सांसद ने भी संस्था के पदाधिकारी को विश्वास दिलाया कि जनपद के विकास के लिए वह प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर संस्था के आठों ब्लॉक अध्यक्ष जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष मिहींपुरवा हंसराम आजाद व अन्य ब्लॉकों के अध्यक्ष दुर्गेश दिनेश यादव प्रमोद यादव मनीष उपाध्याय दिनेश मिश्रा शिव कुमार पाठक बृजेश शुक्ला रमेश पाठक संजय राणा लज्जावती संगीता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मस्तिष्क का वासः समय प्रसाद मिश्र

अमन लेखनी समाचार




पयागपुर, बहराइच। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चश्मा वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य समय प्रसाद मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि विकास क्षेत्र के एआरपी तथा कार्यक्रम के संचालक राजेश कुमार मिश्र के द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समय प्रसाद मिश्र ने कहा की सभी बच्चे स्वस्थ रहें, निरोगी रहें जिसके लिए सरकार हर समय तत्पर है। निर्धारित समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है औ? आवश्यकता पड़ने पर उपचार करती है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। जब बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो उनका पढ़ाई में मन लगेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विकास क्षेत्र के ए२आरपी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी का परम दायित्व है और इसके लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभागके मुख्य आयोजक नेत्र परीक्षण प्रभारी सुभाष तिवारी ने कहा सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया था। इसके बाद 25 बच्चों को चश्मे की आवश्यकता हुई जो प्रदान किया जा रहा। चश्मा वितरण कार्यक्रम को बीपीएम अनुपम कुमार शुक्ला ने स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम को बक्शीपूरा, नई बस्ती वैष्णो माता मंदिर के महंत व पुजारी हरि नारायण शुक्ल, एआरपी राजेश कुमार मिश्र, कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सुमन कुमारी, श्याम जी पाठक, पवन कुमार आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

# अमेठी पुलिस ने 5 हमलावरों को पकड़ा

- तीन दिन पहले बुजुर्ग और बहू पर किया था हमला, रास्ते के विवाद में हुई थी घटना

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के मोहनगंज थाना क्षेत्र के मनी मनोहर गांव में तीन दिन पहले रास्ते के विवाद को लेकर हुए हमले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों पर एक महिला और बुजुर्ग पर चाकू से हमला करने का आरोप है। मनी मनोहर गांव में तीन दिन पहले रास्ते के विवाद को लेकर गांव के ही दबंग आरोपियों ने सगीर की पत्नी और उसके ससुर पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।ऌघटना के तुरंत बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आज दोपहर पुलिस को मटेरवा मोड़ के पास आरोपियों के मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मो सज्जाद पुत्र मो अब्बास, मो इब्रान पुत्र अमानुल्ला, नौशाद पुत्र इंताज, अमानुल्ला पुत्र रमजान, और जुबैर पुत्र मो सिराद को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी इब्रान की निशानदेही पर पुलिस ने प्राइमरी स्कूल के पास स्थित एक पुरानी बिल्डिंग से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

## केन्द्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु 23 से 25 अगस्त व 30 एवं 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन की प्रथम पाली की परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला सहित भ्रमणशील रहे जिले के अन्य अधिकारी। डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज व पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज बहराइच का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा। उल्लेखनीय है कि प्रथम पाली की परीक्षा में 1337 तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में 1255 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर में मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का धरना

- जिलाधिकारी को सौंपा 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन, कहा- पुरानी पेंशन की बहाली करे सरकार

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा हुए और अपनी 22 सूत्रीय मांगों का पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में अपनी प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया है। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम सागर चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि संघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, कलेक्ट्रेट को मिनी सचिवालय का दर्जा दिए जाने, रिक्त पदों को जल्द भरने और मिनी सचिवालय कर्मचारियों के समान मानदेय शामिल हैं। चौधरी ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं होती है तो संघ 18 सितंबर को लखनऊ में व्यापक रणनीति बनाएगा और उसके बाद वरिष्ठों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस धरने का उद्देश्य न केवल अपनी मांगों को उठाना है, बल्कि कलेक्ट्रेट में कामकाजी परिस्थितियों में सुधार लाना भी है। संघ के कार्यकताओं ने सरकार से सकारात्मक कदम उठाने की अपील की है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें उनकी उचित मांगें मिल सकें।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए मुफ्त किताबों की व्यवस्था

- प्रशासन ने चलाया पुस्तक संग्रह अभियान, डीएम ने किताबें दान करने वालों की सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में ज्ञानार्जन के इच्छुक गरीब बच्चों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष पुस्तक संग्रह अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराना है। कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर एक पुस्तक संग्रहालय कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस के दिन डीएम निशा अनंत ने किया था। आज इस अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में 6 दानकताओं को सम्मानित किया गया। डीएम निशा अनंत और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता ने इन दानकताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए गए दानकताओं में शामिल हैं।

# हर गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं की पहुंच होनी चाहिए

## देवरिया में बोले कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भाजपा की सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, देवरिया में भारतीय जनता पार्टी की औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों को नए सदस्य बनाना है। मंडल और मोर्चा स्तर पर कार्यशाला आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भाजपा का है। यह कार्यकताओं के दम पर संभव हुआ है। हर गांव में पार्टी कार्यकताओं की पहुंच होनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के इस महाअभियान से जोड़ा जा सके। इससे संगठन पर्व को और गति मिलेगी। इस सदस्यता महा अभियान में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय नेता, प्रदेश नेता, जिला और विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता विभिन्न बूथों पर जाकर सदस्यता अभियान में सहयोग करेंगे। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री और सदस्यता अभियान के क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें नए सदस्यता लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान हमारी पार्टी का महत्वपूर्ण अभियान है। सभी को मिलकर नए सदस्य बनाने के लिए बूथ स्तर पर जाकर लोगों से संपर्क कर नए सदस्य बनाने हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखना है।

हमारा लक्ष्य पूरे देश में 18 करोड़ नए सदस्य बनाना है। यह सदस्यता पार्टी की वेबसाइट के माध्यम से क्यू आर कोड के माध्यम से मिस्ड काल के माध्यम से तथा फार्म भरकर चार प्रकार से बनाया जा सकता है। 18 साल से अधिक आयु के लोगों को ही सदस्य बनाना है। एक मोबाइल से एक ही बार सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। अभियान का पहला चरण 1 से 25 सितंबर, दूसरा 1 से 15 अक्टूबर और तीसरा 16 से 31 अक्तूबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान के लिए किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए भाजपा की हेल्पलाइन नंबर 8860147147 पर काल कर जानकारी ले सकते हैं। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यशाला में पदाधिकारियों को मंडल एवं बूथ स्तर तक जिम्मेदारी दी गई है।

# पानी पीने पर दलित महिला को पीटा

- बांदा में पीड़िता से मिले सपा प्रतिनिधि; कहा- राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे

अमन लेखनी समाचार



बांदा, सपा के जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पैलानी तहसील के ग्राम सिकहूला पहुंचकर पीड़िता सीता देवी से मुलाकात की। सीता देवी ने आरोप लगाया कि वह बटाई के खेत में धान की रोपाई कर रही थी, तभी दोपहर के समय प्यास लगने पर उसने गांव के राजेंद्र सिंह उर्फ बड़े लाल के बोर से पानी पीने का प्रयास किया। इसी दौरान राजेंद्र सिंह ने उसे जमकर पीटा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। सीता देवी ने बताया कि जब उसने बोर से पानी लेने के लिए लोटा उठाया, तभी राजेंद्र सिंह ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर धान की रोपाई कर रही अन्य महिलाओं ने आकर स्थिति को संभालने की कोशिश की। इसके बाद पीड़िता ने जसपुरा थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर भी पुलिस ने केवल मामा तर्ज कर लिया, और अपराधियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सपा प्रतिनिधि मंडल ने सीता देवी की समस्याओं को गंभीरता से लिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेंगे और मामले में उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़िता के परिवार पर आरोपियों द्वारा दबाव डाला जा रहा है, लेकिन अब तक अपराधियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। प्रतिनिधि मंडल की मांग के बाद, मामले की जांच और उचित कार्रवाई की दिशा में कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अमरोहा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सदस्य नामित

## सदस्य बनने के बाद पहली बार पहुंचे हसनपुर, लोगों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर में खागी समाज कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार खागी को सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सदस्य नामित किया गया है। इस पर खड़गवंशी समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। हसनपुर पहुंचने पर सुनील कुमार खागी को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खड़गवंशी समाज के युवा ब्लॉक तिराहे पर मौजूद थे। स्वागत समारोह में सुनील कुमार खागी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। सुनील कुमार खागी जनपद संभल के गांव सैदपुर बहजोई के निवासी हैं और इस नई जिम्मेदारी के लिए उनकी समाज द्वारा की गई सराहना और समर्थन को उन्होंने सराहा। इस दौरान हरिप्रकाश राणा एडवोकेट, जयकुमार राणा एडवोकेट, हरगोविंद सिंह एडवोकेट, हरकेश राणा, शेर सिंह राणा, अनिल खड़गवंशी, विजेंद्र राणा, कमल राणा और मोहित शामिल थे। इस भव्य स्वागत के माध्यम से खड़गवंशी समाज ने सुनील कुमार खागी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और समर्थन का संदेश दिया।

# सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मां-बेटे की मौत

- घायल पति अंबेडकरनगर रेफर, गोवंश के आने से हुआ हादसा, 6 बार पलटी कार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रात भीषण हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे के किमी-145 पर गोवंश के सामने आने से कार अनियंत्रित होकर 6 बार पलटी। हादसे में कार सवार मां-बेटे खाई में जा गिरे। दोनों की मौत हो गई है। वहीं कार ड्राइव कर रहे लड़के के पिता की हालत गंभीर है। जिन्हे अम्बेडकर नगर रेफर किया गया है। आजमगढ़ जिले के भैसहा थाना के नगवा मैदो गांव निवासी सर्वेश कुमार (38) पुत्र शिवकुमार पत्नी गीता (35) और पुत्र युग को लेकर लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे। अभी उनकी कार दोस्तपुर थाना क्षेत्र के किमी-143 पर गोसैसिंहपुर अंडरपास के पास पहुंची थी कि एकाएक एक गोवंश सामने आ गया। ऐसे में कार पलट गई और एक के बाद एक छह बार कार पलटी। कार इतनी स्पीड में थी कि इस पर सवार गीता और युग कार से निकलकर रोड के किनारे नाले में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने सूचना यूपीडा और थाना दोस्तपुर को दी। दोस्तपुर इंस्पेक्टर पंडित त्रिपाठी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

# संक्षेप

## संदिग्ध हालत में तालाब में मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मुबारकपुर गेरिया में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिलने के पश्चात थाना अध्यक्ष खखरेरु पुलिस बल समेत मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की सहायता से प्रशासन ने शव को बाहर निकाला जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार राव ने बताया कि युवक के शव की सिनाक्त 35 वर्षीय सोनू पुत्र छोटेलाल गिहार निवासी अंजना कबीर के रूप में की गई है स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक अधिकतर शराब के नशे में धुत रहता था यह घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो मृतक की पत्नी लक्ष्मी समेत परिजनों में हाहाकार मच गया वहीं थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार राव ने पंचनामा करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## सिपाही की सूझबूझ से मिला खोया हुआ पर्स

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ पुलिस के सिपाही सुमित की सूझबूझ से एक कारोबारी को उसका खोया हुआ पर्स वापस मिल गया। पर्स मिलने पर सिपाही ने कारोबारी को इसकी सूचना दी। इसके बाद मेरठ बुलाया और उसका पर्स भी लौटाया। अपने पर्स की उम्मीद छोड़ चुके कारोबारी ने मेरठ पुलिस को शुक्रिया कहा। मेरठ पहुंचे विशाल त्यागी ने बताया कि वो ट्रेन से हरिद्वार से लखनऊ जा रहे थे। तभी उनका पर्स ट्रेन में गिर गया था। पर्स में 2 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और कैश था। पुलिसकर्मी सुमित ने उनसे संपर्क किया और उन्हें मेरठ बुलाया। मैंने तो उम्मीद छोड़ दी थी कि मुझे मेरा खोया हुआ पर्स अब वापस नहीं मिलेगा। लेकिन आज पुलिस की वजह से मुझे मेरा पर्स वापस मिला है। विशाल ने कहा कि लोग कहते हैं कि पुलिस कुछ नहीं करती, लेकिन आज मेरी वो सोच बदल गई। सुमित ने सोशल मीडिया पर पर्स की जानकारी शेयर की थी। यह जानकारी किसी तरह पर्स के असली मालिक विशाल तक लखनऊ पहुंची। तब दोनों का आपस में संपर्क हुआ और मेरठ पुलिस ने विशाल को मेरठ बुलाकर पहचान कर पर्स वापस लौटा दिया।

## मेरठ में बीच सड़क पर महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट में एक महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा उस समय देखने को मिला जब उसने बीच सड़क पर एक ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। घटना के चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया। मामला तब शुरू हुआ जब फरजाना नाम की एक महिला पैदल जा रही थी और तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। इससे नाराज महिला ने ई-रिक्शा चालक को ई-रिक्शा से खींचकर बीच सड़क पर थप्पड़ जड़ने शुरू कर दिए। लिसाड़ी गेट चौराहे पर हुए इस घटनाक्रम ने सड़क पर यातायात को बाधित कर दिया। महिला लगातार ई-रिक्शा चालक पर हमला करती रही, जिससे सड़क पर भारी जाम लग गया।

# थाना समाधान दिवस पर कुल 12 मामले आए , नहीं हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर ।शनिवार को तहसील सहजनवा में थाना समाधान दिवस पर सहजनवा थाने में अध्यक्षता एसडीएम दीपक गुप्ता ने किया। इस दौरान 5 मामले आए लेकिन किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पुलिस के 3 तथा राजस्व के 2 मामले आए थे। गीडा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया ने किया। यहा भी 5 मामले आए थे। जिसमे 3 पुलिस तथा 2 राजस्व से संबंधित थे। किसी मामले का निस्तारण मौके पर कर नही हो सका। हरपुर बुदहट थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने किया ।यहां 2 मामले राजस्व के आए,जिसका निस्तारण निस्तारण नही हुआ ।राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कराकर करवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक एसओ विशाल उपाध्याय,महेंद्र मिश्रा,विशाल सिंह, अचुतानंद राय,तनवीर अहमद,सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## बरामदे में सो रहे युवक का मोबाइल फोन चोरी, मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरसिहां निवासी रामेश्वर यादव पुत्र राम गुलाब यादव ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मोबाइल फोन चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरसिहां निवासी रामेश्वर यादव पुत्र राम गुलाब यादव ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे के करीब मैं बरामदे में सो रहा था कि एक अज्ञात व्यक्ति आया और हमारा मोबाइल फोन चुरा ले गया। पुलिस बीएनएस की धारा 303(2) दर्ज कर लिया है।

# पुलिस के चंगुल से भागने वाले शोहदा के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव के एक किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर शोहदा से किशोरी को दी जाने वाली फब्तियों से राहत दिलाने की पुलिस से गुहार लगाई थी। थाना क्षेत्र के एक गांव के किशोरी की मां ने 22 अगस्त को थाना पुलिस को तहरीर देकर किशोरी को परेशान करने वाले शोहदे पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। किशोरी के मां ने बताया कि शोहदा के डर से किशोरी स्कूल आना जाना भी बन्द कर दिया था। मना करने पर शोहदा गुरुवार 8 बजे रात को दरवाजे पर चढ़कर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया और जान माल की धमकी देने लगा ।तहरीर पर हरपुर-बुदहट पुलिस हरकत में आई और गुरुवार को देर रात शोहदा के घर पर दबिश देने पुलिस पहुंच कर शोहदा को पकड़ भी लिया,लेकिन पुलिस को चकमा देकर कपड़ा पहनने के बहाने छत से कूद कर भाग गया। पुलिस हाथ मलती रह गई। शनिवार को पुलिस ने शोहदा सोमवीर साहनी निवासी परमेश्वर पुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 79,115(2),352,351(3),126 (2) मुकदमा दर्ज कर शोहदा की तलाश में जुटी हुई है।

## किशोरी से फब्तियां कसने वाले युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़, मारपीट और जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही एक युवक दो वर्ष से हमारी लड़की को स्कूल आते-जाते समय हमेशा टोका - टाकी करते हुए फब्तियां कसता था कि 22 अगस्त की रात करीब 8 बजे सोमवीर साहनी ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर ने मुझ प्राथिनी को घर जाते समय रास्ते में घेर कर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगा मना करने पर जान माल की धमकी देने लगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर परमेश्वरपुर निवासी सोमवीर साहनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 79,115(2), 352,351(3), 126 (2) मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

# जुड़ियान सेक्टर 15 की विद्युत 4 घंटे बंद रहेगी सप्लाई

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर। नगर पंचायत सहजनवां जुड़ियान सेक्टर 15 विद्युत उपकेंद्र से पोषित समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कल रविवार को सेक्टर 15 विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी फीडरों को नवनिर्मित कंट्रोल रूम से ऊजीर्कृत करने हेतु दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी।

# हिंदी प्रतियोगिता में वीवीएम एजुकेशन सेंटर का छात्र अव्वल

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद में बिंदकी तहसील के जहानाबाद कस्बें में फतेहपुर सहोदया संगठन के अंतर्गत जनपद में सात विद्यालय के बच्चो ने एक साथ प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता का आयोजन बिंदकी कस्बे के समीप स्थित वानी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई जिसमे जहानाबाद कस्बे के वीवीएम एजुकेशन सेंटर के बच्चो ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमे कक्षा 10 के छात्र शशांक ने ब्रॉन्ज मेडल पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया इस सफलता के मौके पर सम्पूर्ण विद्यालय ने बधाई एवम शुभकामनाएं दी इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ उत्तम एवम प्रधानाचार्या विभा मिश्रा ने भी बच्चे की इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धूमधाम से मनाया गया ईएसओ इंडिया का 14 वां वार्षिकोत्सव

## प्रदेश अध्यक्ष निर्मित द्विवेदी भारत गौरव अवॉर्ड सम्मान द्वारा किए गए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर ।14 साल बेमिसाल ईएसओ इंडिया ने कार्यक्रम का सफलता पूर्वक किया आगाज राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवम राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिल याग्निक व राजकुमार चक्रवर्ती के निर्देशन में संगठन के 14 वर्ष पूरा होने पर वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ संगठन उत्सव मनाया गया जहां लगभग 5000 छात्रों को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत गौरव सम्मान अवॉर्ड से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता , वा सरस्वती मां की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया इस मौके पर संगठन के सभी वरिष्ठ अधिकारी राष्ट्रीय , प्रदेश वा जिला के अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया इस मौके पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष निर्मित द्विवेदी गोपाल ने भी मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वा दीप प्रज्ज्वलित किया पूरे टीम के साथ मिलकर भारत माता की जय का जयकारा लगाया वही भारत गौरव सम्मान अवॉर्ड से सम्मानित निर्मित द्विवेदी गोपाल को सम्मानित किया गया इस मौके पर उत्तर प्रदेश टीम से प्रदेश मंत्री मनीष सिंह जादौन ,प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शिवम यादव ,जिला अध्यक्ष चित्रकूट नेंद्रमणि मिश्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष जियानी जी वा उनकी टीम , प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अमित सिंह वा उनकी टीम,राजस्थान प्रदेश से गौरव खंडेलवाल वा टीम, बिहार ,तेलंगाना ,छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेश के अधिकारी वा समस्त राष्ट्रीय टीम मौजूद रही।

# डिजिटल लाइब्रेरी एंड कंप्यूटर सेंटर का हुआ सुभारम्भ

## हर घर शिक्षा और घर घर शिक्षा के उद्देश्य को पूरा करेगी डिजिटल लाइब्रेरी

अमन लेखनी समाचार /निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के खजुहा कस्बे में हर घर शिक्षा और घर-घर शिक्षा के अभियान के तहत एक अच्छी सोच शिक्षा के लिए डायरेक्टर विनय कुमार और प्रिंस गुप्ता के निर्देशन में श्री श्याम डिजिटल लाइब्रेरी एंड कंप्यूटर सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों को आ रही आधुनिक तकनीक जैसे कंप्यूटर, इंटरनेट ,नवीन किताबें इन सभी को देखते हुए इस डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन खजुहा कस्बे में किया गया इस उद्घाटन समारोह में शिवमोहन दीक्षित ,श्यामलाल गुप्त ,दिलीप गुप्ता उर्फ लल्ला गुप्ता ने फीता काट कर उदघाटन किया इस मौके पर ग्रामीणों वा पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे में अपने शैक्षिक जीवन मे आने वाली समस्या के निवारण पर खुशी का माहौल देखने को मिला

## बिजली की चपेट में आये किसान की हालत गंभीर


अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयीपुर गांव निवासी युवक सुग्गी पुत्र स्वर्गीय नन्हका के ऊपर बिजली का तार टूट कर गिर जाने से युवक बुरी तरह झुलस गया मिली जानकारी के अनुसार गांव के बड़ी बाग के समीप दोपहर लगभग 2 बजे अचानक तार टूट गया जहां खेतों में काम कर रहा युवक किसान विद्युत के चपेट में आ गया आनंद-फानन युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयीपुर भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पस्चात गंभीर हालत देखकर सदर अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया वहीं परिजनों ने हालत गंभीर देख रेफर अस्पताल ना ले जाकर एक निजी अस्पताल में युवक को भर्ती किया खबर लिखे जाने तक किसान की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# मेरठ में तमंचे के साथ युवक ने बनाई रील

- एसपी देहात ने मामले का लिया संज्ञान, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता



मेरठ, मेरठ में तमंचे के साथ एक युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपी बच्चियों को हथियार दिखाकर चुनौती देता देखा जा सकता है। लोगों का आरोप है कि लोगों के पास हथियारों का जखीरा है।

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि रक्षाबंधन वाले दिन पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया था। बाद में बिना मुकदमा दर्ज किए युवक को रात में छोड़ दिया। आरोपी अवैध तमंचा दिखाकर बसंती की तरह नाचने की तरह रील लगाकर लड़कियों में भय पैदा कर रहा है। वायरल वीडियो किठौर क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। क्षेत्र वासियों का आरोप है कि वायरल वीडियो रक्षाबंधन के समय का है। वायरल वीडियो संज्ञान में आने पर एसपी देहात कमलेश बहादुर वीडियो की जांच कर कर सख्त कार्यवाही की बात कह रहे हैं।

# मेरठ में मामूली विवाद में दो संप्रदायों में मारपीट

## महिलाओं से छेड़छाड़ और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप पर हुआ हंगामा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के ब्रहमपुरी थाना क्षेत्र के खत्ता रोड में दो संप्रदाय के लोग आमने-सामने आ गए। लोगों ने जातिसूचक शब्द कहने और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आपस में मारपीट और हंगामे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं मौके पर भाजपा नेता भी पहुंच गए। भाजपाइयों का आरोप है कि मुस्लिम युवक ने हिंदू युवक के साथ मारपीट कर दी है। मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में मुस्लिम इलाके में हिंदू युवक बबलू प्रजापति फास्ट फूड का ठेला लेकर पहुंच गया। आरोप है कि हिंदू युवक पर इलाके के मुस्लिम युवकों ने जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। इसी बात पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। तभी मोहल्ले में रहने वाले दूसरा हिंदू युवक दीपक पुत्र कमल सिंह पहुंच गया। दीपक वहां दोनों पक्षों में बीचबचाव कराने लगा। आरोप है कि मुस्लिम युवकों ने हिंदू युवकों के साथ मारपीट कर दी इससे विवाद बढ़ता चला गया। सूचना पर थाना पुलिस और भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, कमलदत्त शर्मा भी मौके पर पहुंचे। भाजपाइयों की तरफ से ब्रहमपुरी थाने में पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर में 3 मुस्लिम युवकों पर हिंदू युवक से मारपीट, महिलाओं से छेड़छाड़ और जातिसूचक शब्द कहकर हंगामा करने और माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित दीपक की बहन सरिता ने बताया कि हमें पता चला कि एक फास्टफूट बेचने वाले को मुसलमानों ने मिलकर मारा है। तुरंत मेरा भाई उसे बचाने भागा। तो उन लोगों ने मेरे भाई को भी पीटा। मेरे भाई पर कट्टा लेकर चढ़ गए। तब मोहल्ले में भगदड़ मच गई महिलाएं भागी तब वो युवक भागे। महिलाओं को अपशब्द भी कहे। भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा ने कहा कि यहां गणेशपुरी में हमारे दलित समाज के लोग रहते हैं। उनके साथ दुव्यवहार किया जाता है। उनकी छूतों पर ये युवक कूदते हैं अपशब्द कहते हैं। हम उन्हीं दूसरे संप्रदाय के लोगों की शिकायत लेकर आए हैं। आज भी इन लोगों ने क्षेत्र में महिलाओं के साथ दुव्यर्हवहार किया है। पुलिस ऐसे लोगों का कानूनन इलाज कर जेल भेजे। ऐसे व्यहवहार से शांति भंग होने का खतरा रहता है। सीओ ब्रहमपुरी का कहना है कि हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामला शांत कराया है। तहरीर मिली है जांच के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

- जलालाबाद में छापेमारी में दो तमंचा, दो लोहे की राड बरामद

अमन लेखनी समाचार





जलालाबाद, जलालाबाद पुलिस ने सड़क पर फायरिंग कर दहशत फैलाने और हत्या के प्रयास में शामिल तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी, दो तमंचे, दो लोहे की राड और दो डंडे भी बरामद किए हैं। 21 अगस्त को शाहजहांपुर जनपद के नगर जलालाबाद में शाहजहांपुर रोड पर 12 पत्थर चौराहे से उमरिया मंदिर तक सड़क पर फायरिंग और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना में सड़क पर खलबली मच गई थी, और गोलियां चलने से कई लोग बाल-बाल बच गए थे। इस घटना के संबंध में नगर जलालाबाद निवासी प्रशांत गुप्ता और उनके परिवार के लोगों ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों में पन्ना गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मोनू गुप्ता, राज गुप्ता, सोनू उर्फ सचिन, और विशन गुप्ता शामिल थे। इन पर लाठी-डंडों और लोहे की राड से हमला करने, फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार राय ने बताया कि हत्या के प्रयास और फायरिंग करने के आरोप में बीती शाम पुलिस ने पन्ना गुप्ता, राज गुप्ता, और विशन गुप्ता को गंगा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। इनसे घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी, दो तमंचे, दो लोहे की राड और दो डंडे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# बुलंदशहर में दो पक्षों में हुआ पथराव

## 6 लोग घायल, डीएम-एसएसपी ने समझा कर कराया शांत; गांव में पुलिस तैनात

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के कोतवाली डिबाई क्षेत्र में देर रात एक मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। जिसमें लोगों ने लाठी-डंडे और पथराव करने लगे। इस दौरान 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिससे आक्रोशित लोगों ने डिबाई-बुलंदशहर मार्ग पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। जांच पड़ताल कर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर थोड़ी ही देर में जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। डीएम और एसएसपी ने मौके पर जाकर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। फिलहाल, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। डिबाई क्षेत्र के गांव करीली में घर के बाहर शराब पीने का महिलाओं ने विरोध किया। इस पर शराब पीने वाले युवकों ने महिलाओं से अभद्रता कर दी। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से करीब दो घंटे तक पथराव हुआ।

# सीतापुर में लोकेशन बदल रही बाघिन

- दूसरी जगह मिले फुट मार्क, मवेशी को भी बना चुकी शिकार, वन विभाग कर रहा कांबिंग

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में एक सप्ताह से बाघ की दहशत से ग्रामीण खौफजदा हैं। यहां कठिना नदी पार कर ब्रह्मावली गांव में दो शावकों संग दाखिल हुई बाघिन अब धीरे-धीरे पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रही है। बीते 48 घंटे पहले नरनी-कठिघरा गांव के पास उसके नए फुट मार्क देखे गए थे। इसके बाद लगातार बाघिन अपनी लोकेशन बदल रही है। इस दौरान बाघ ने 24 घंटे पहले भी सीतारामपुर गांव में नदी के किनारे घास चर रही भैंस पर हमला कर गांव के बाहर अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। वन विभाग पिछले एक सप्ताह से लगातार बाघ की लोकेशन तलाशने में जुटा हुआ है, लेकिन अभी तक उसे कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। मामला महोली कोतवाली इलाके का है। यहां भैंस पर हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की सुस्ती ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ा रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र के सीतारामपुर गांव का अशोक यादव पुत्र सरजू यादव अपनी भैंस लेकर नदी के किनारे गया था। किसी समय भैंस नदी पार कर जहांसापुर गांव की सीमा में चली गई। यहां पहले से मौजूद बाघ ने गुरार्ते हुए भैंस पर हमला कर दिया। बाघ की गुर्राहट और भैंस के रंभाने की आवाज सुनकर अशोक नदी के इस पार होते हुए भी शोर मचाकर भाग खड़ा हुआ। इसके बाद खेतों में काम कर रहे लोगों के शोर मचाने पर बाघ भैंस को मरणासन्न कर भाग गया। भैंस के शरीर पर बाघ के पंजों की मार और गले में गहरे जख्म होने से उसका बचना मुश्किल बताया जा रहा है। उधर भैंस पर हमले की सूचना के बाद गांव में दहशत फैल गई। लोग मवेशियों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं।

## जगदीशपुर आर एस पब्लिक स्कूल में मनायी गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

### स्कूल के बच्चों द्वारा मनयुरी प्रस्तुति ने सबका मन मोहा





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जगदीशपुर आर एस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की भूमिका सुन्दर प्रस्तुति दी सिरियारी स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई, जिसमें स्कूल के बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की भूमिका में नजर आए नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा त्रिपाठी ने जन्माष्टमी पर बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति पर खुब सराहा। कार्यक्रम की बच्चों की साज सज्जा एंव राधा कृष्ण की मनमयूरी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया आर एस पब्लिक के प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया हिंदू धर्म मान्यता के अनुसार इस दिन व्रत रखने और भगवान की विशेष पूजा अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। समाजसेविका व भाजपा नेत्री एवं समाजसेविका उपमा सरोज ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को पूर्ण मनुष्य माना जाता है। भगवान कृष्ण 16 विद्याओं में निपुण थे। उन्होंने सभी रिश्तों को पूर्णता और आदर्श के साथ निभाया। इस मौके पर समस्त स्कूल शिक्षिकाऐ स्टाफ मौजूद थी

## अमेठी में भिखारियों के हाथों में पकड़ाया जा रहा पेन

### सैनिक छात्र सेवा परिषद की पहल लाई रंग, बच्चों को मिलेगा बेहतर भविष्य



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक अंकित शुक्ला ने प्रदेश भर में एक अनोखी मुहिम की शुरूआत की है। इस मुहिम के तहत, भीख मांगने वाले बच्चों को शिक्षा की ओर लाने का प्रयास किया जा रहा है। सड़कों पर भीख मांगते नन्हे हाथ अब पेंसिल, कॉपी, किताब और स्कूल बैग से सजीव हो चुके हैं। इन बच्चों के आंखों में स्कूल जाने का सपना अब सच होता दिखाई दे रहा है।अंकित शुक्ला ने जिले के युवा होने के नाते भीख मांगने वाले बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जगाई है। रेलवे-स्टेशन की व्यस्त सड़कों पर भीख मांगते बच्चों को अब पेंसिल और कॉपी के साथ साक्षर बनाया जा रहा है। अंकित शुक्ला का मानना है कि इन बच्चों का भविष्य उजाले से भरा हो सकता है। उनकी संस्था ने शिक्षा के साथ-साथ नशे की लत से भी बच्चों को बचाने का संकल्प लिया है।

#### संस्था का विकास और सरकारी सराहना

राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद की स्थापना 2023 में की गई थी। अब यह संस्था देशभर में 12 केंद्रों तक फैल चुकी है। संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भीख मांगने से रोकना और उन्हें स्कूल तक पहुंचाना है। संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" में उनकी संस्था की सराहना की है, जिससे समाज में उनकी पहल को पहचान मिली है।

#### नशे के खिलाफ लड़ाई और विस्तार की योजना

संस्था उन बच्चों को नशे की लत से बाहर निकालने के लिए चिकित्सा सुविधा और काउंसलिंग प्रदान करती है। संस्था के सदस्य बिहार, यूपी और हरियाणा में भीख मांगने वाले बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। राष्ट्रीय महासचिव भावनी प्रसाद शुक्ला के अनुसार, संस्था के 50 हजार से अधिक सदस्य सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर संस्था का संदेश फैला रहे हैं।

#### भिखारियों की संख्या और समाज पर प्रभाव

आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 81 हजार भिखारी हैं, जबकि पूरे देश में यह संख्या 4,13,000 के करीब है। अंकित शुक्ला का कहना है कि भिखारियों के आत्मविश्वास को बढ़ाकर और उन्हें मुख्य धारा में जोड़कर इस बुरी आदत को समाप्त किया जा सकता है।

## प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता 27 को



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी खेल निदेशालय, उ0प्र0 के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 27 अगस्त 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 28 अगस्त 2024 तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय वाराणसी में 02 सितम्बर 2024 से 07 सितम्बर 2024 तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन/ट्रायल्स 27 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में आयोजित किया जायेगा तथा प्रतिभागी खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज की फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## अपनी सीट खाली, दूसरे चेंबर में कर रहे ड्यूटी

### अमेठी में इमरजेंसी डॉ कर रहे ओपीडी, ड्यूटी करना गलत नहीं : सीएमओ

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों का बड़ा कारनामा सामने आया है, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। वहीं एक चेंबर के डॉक्टर अपने चेंबर को खुला छोड़ दूसरे डॉक्टर के चेंबर में बैठकर मरीजों को देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि डॉक्टर कमीशन के खेल में जुटे हुए हैं।

अमेठी का जिला अस्पताल अक्सर किसी न किसी कारणों से विवादों में रहता है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लइकुज्मा की ड्यूटी आज इमरजेंसी में लगी थी, लेकिन डॉक्टर इमरजेंसी के बजाय अपने ओपीडी चेंबर में बैठकर मरीजों को देख रहे हैं।

इसके अलावा फिजिशियन डॉक्टर पीके पांडे अपने चेंबर में मरीजों को देखने के बजाय एमडी मेडिसिन डॉक्टर अमित यादव के चेंबर में मरीज को देख रहे हैं और उनका चेम्बर खाली है। बताया जा रहा है कि अमित यादव छुट्टी पर हैं, लेकिन उनके चेम्बर में बैठकर पड़ोस के डॉक्टर मरीजों को देख



रहे हैं। डॉक्टर के अपने चेंबर खाली हैं।

#### बड़े स्तर पर कमीशन का खेल

बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में बड़े स्तर पर दवाओं में कमीशन का खेल चलता है। डॉक्टर पर्चा लिखने के बाद एक छोटी पर्ची में बाहरी दवाएं लिखते हैं, जो काफी महंगी होती हैं। इन्ही महंगी दवाओं में डॉक्टर का कमीशन सेट रहता है। जिस डॉक्टर के चेम्बर में मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है और वो छुट्टी पर होते हैं तो पड़ोस के डॉक्टर उनकी कमी को पूरा करते हैं।

#### दूसरे की जगह ड्यूटी करना गलत नहींसीएमओ

कही न कही ऐसा करने से मरीजों की जान से खिलवाड़ भी हो रहा है क्योंकि दूसरे रोग के विशेषज्ञ दूसरे डॉक्टर के चेम्बर में मरीजों को दवा लिखते हैं। फिलहाल पूरे मामले पर सीएमएस बद्री प्रसाद अग्रवाल ने कहा जो डॉक्टर छुट्टी पर हैं उनके स्थान पर दूसरे डॉक्टर ड्यूटी कर रहे हैं जो गलत नहीं है।

## निडरता निष्ठा और निशाने के साक्षी शहीद राजगुरु की जयंती पर नमन कर दी श्रृद्धांजलि

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। भारत के स्वाधीनता आंदोलन मे शहीदों की एक अलग भूमिका रही है। इसी के मद्देनजर सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत निडरता, निष्ठा और निशाने के साक्षी युवा शहीद शिवराम हरि राजगुरु की जयन्ती पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि राजगुरु सच्चे अर्थों में भारत मां के एक समर्पित युवा सूरमा थे। जिनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म पिता हरिनारायण व मां पार्वती देवी के घर महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड गांव में जो अब राजगुरु नगर है, 24 अगस्त 1908 को हुआ था। छः वर्ष की उम्र में पिता के निधन के बाद इनकी शिक्षा खेड और पुणे मे हुई थी। चन्द्रशेखर आजाद से जुडने के बाद यह अनेक क्रांतिकारियों से मिले और काकोरी केस व सान्डर्स वध मे अहम भूमिका निभाई थी। फलस्वरूप इन्हें भी भगतसिंह और सुखदेव थापर के साथ 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में मात्र 22 वर्ष की आयु मे फांसी पर लटका दिया गया था। देश के प्रति इनके योगदान को याद कर वर्णिता संस्था ने श्रृद्धांजलि देकर नमन किया। इस कार्यक्रम मे बाबूलाल, सिद्धा, प्रेम, संतोष, आशुतोष, विकास, गयाप्रसाद, सोनू, भोलू सिंह, रिचा, दस्सी, अजय गुप्ता आदि शामिल रहे।

## विहिप के स्थापना दिवस के मौके पर हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित**

हमीरपुर।विश्व हिंदू परिषद की पालक अधिकारी श्रीमंत शुक्ला के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष राम जी गुप्ता के आवास पर विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे, इस दौरान विहिप के नगर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने स्थापना दिवस पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।इसके साथ ही बैठक में नगर उपाध्यक्ष श्याम जी पांडे विहिप के नगर मंत्री धर्मेंद्र द्विवेदी एवं उपाध्यक्ष उमेश दीक्षित ने सभी को एक साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने एवं हिंदुओं के उत्थान के लिए जरूरी चर्चा की गई।

## श्रीदेवी पाटन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



श्री कृष्ण की लीलायें, माखन चोरी, बलराम कृष्ण की दिखी मनमोहक प्रस्तुति




**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी श्रीदेवी पाटन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालय मे छात्र छात्राओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक रंगारंग कार्यक्रम किया।वसुदेव जी का बालक कृष्ण की सुरक्षा मे उन्हें लेकर यमुना पार करने का हठ, बालक कृष्ण की लीलायें, माखन चोरी, भ्राता बलराम का कृष्ण के नटखटपन की शिकायत माता यशोदा से करना, नंद बाबा का कान्हा को समझाना, व कृष्ण की अपनी टोली के साथ चोरी से माखन खाने के उपाय करना व प्रिय मित्र सुदाम का व्यक्तित्व । छात्रों द्वारा बहुत ही मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। माता यशोदा की भूमिका में नूरा, नंद बाबा आकाश, सुदामा निखिल, वसुदेव रिजवान, कृष्ण की भूमिका में आदर्श व उनकी टोली में विजय शहंशाह, राजमणि, सत्यम ऋषभ थे।बलराम की भूमिका सुमित ने निभायी ।छात्रों द्वारा बड़े ही उत्साह से की गयी तैयारियां व गीत, नृत्य अभिनय सभी ने मन मोह लिया विद्यालय मे उपस्थित अध्यापक मिथिलेश शास्त्री, डा सुधा सिंह, वेदपति मिश्र व आलोक शुक्ल ने छात्रों को अपना मार्गदर्शन दिया व कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया विद्यालय की प्रधानाचार्य डा नीलम तिवारी ने छात्रों को कृष्ण के उद्दात्त व्यक्तित्व व उनसे संबंधित कथाओं पर प्रकाश डाला व सभी को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी।

## जनपद में स्तरीय किसान मेले का किया गया आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी कृषि सूचना के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, पराली प्रबन्धन, तिलहन योजनान्तर्गत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज पर जनपद स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया किसान मेले में मुख्य अतिथि मयंकेश्वरशरण सिंह राज्य मंत्री के पहुंचने पर सलामी गार्द द्वारा मंत्री को सलामी दी गयी तदोपरान्त मंत्री द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया गया मंत्री जिलाधिकारी अमेठी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खाद व बीज इकाइयों का भ्रमण कर दुकानदारों से वार्ता की गयी इस दौरान जनपद के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

## भाजपा हर बूथ पर बनाएगी 200 सदस्य

### मिस्डकॉल, क्यूआर कोड, नामों एप और वेबसाइट से बन सकते हैं सदस्य

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी शंकर गिरी के साथ कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कहा कि 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का उद्देश्य इसे सर्वव्यापी बनाना है। इसके तहत कार्यकताओं को हर वर्ग और क्षेत्र तक पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनाने के लिए कहा गया।शंकर गिरी ने बताया



कि सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, क्यूआर कोड, नमो ऐप, और वेबसाइट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति भाजपा का सदस्य बन सकता है। इसके लिए भाजपा ने 8800002024 नंबर जारी किया है, जिस पर मिस्ड कॉल देने पर सदस्यता मिल जाएगी। 18 साल और उससे अधिक उम्र के नागरिक इस अभियान में शामिल हो सकते हैं।

#### जिला स्तर पर बनेगी टोली

जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने बताया कि 27 अगस्त को मंडलों की सदस्यता कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें हर बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया। प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि सदस्यता अभियान के लिए जिले स्तर पर एक टोली भी बनाई गई है, जो किसी भी सदस्यता संबंधित समस्या के समाधान के लिए तैयार रहेगी।

## क्षेत्राधिकारी सदर की अध्यक्षता में कोतवाली सदर व थाना सुमेरपुर में विभिन्न समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियों व धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर की अध्यक्षता में सदर कोतवाली व थाना सुमेरपुर में आगामी त्योहार जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। आगामी त्योहारों के दौरान शांति और सद्भावना बनाए रखने के दृष्टिगत बैठक में पुलिस अधिकारी, स्थानीय प्रशासन, धर्मगुरु, और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा कर संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया।त्योहारों के दौरान यातायात की सुगमता के लिए विशेष प्रबंध करने व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय लिया गया।विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह या असत्य सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित लोगों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल ने सभी समुदायों से सहयोग की अपील की और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई कि त्योहार के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम एसपी ने सुनी जन समस्याएं

### प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने अमेठी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## खाकी कर रही दाम्पत्य जीवन के रिश्तों को भी मजबूत

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी मिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया ।जिसमें 03 वैवाहिक जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

## मेले में किसानों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी: अमेठी में राज्यमंत्री ने लिया फीडबैक

### एक्सपर्ट ने अच्छी पैदावार की जानकारी दी



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जनपद में कृषि सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए आज गौरीगंज के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में एक विशेष किसान मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। इस अवसर पर एसपी, डीएम और जिले के किसान भी मौजूद रहे।मेले में किसानों के लिए विभिन्न कृषि संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीकों और उत्पादकता में वृद्धि के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को खरीफ फसल के उत्पादन को बढ़ाने, मक्के की अच्छी खेती, और पराली प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने किसानों से मिली फीडबैक को सुनते हुए कृषि सुधार के लिए और कदम उठाने की बात की। इस कार्यक्रम में डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप सिंह, तिलोई ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, और सीडीओ समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इन अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की और उनकी समस्याओं को सुना।जिसमें किसानों को खरीफ फसल की बेहतर पैदावार, मक्का की उन्नत खेती, और पराली प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।इस किसान मेले का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में सूचना तंत्र को सुदृढ़ करना और किसानों को नवीनतम तकनीकों और विधियों से अवगत कराना था। इसके साथ ही, किसानों को उनकी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, कचरे के प्रबंधन और कृषि में सुधार के लिए विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# शोले का रीमेक बनाना चाहते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** साल 1975 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, अमजद खान, हेमा मालिनी, जया बच्चन और संजीव कुमार की ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले फैंस की ही नहीं, सेलेब्स की भी फेवरेट है। वहीं, इस फिल्म का रीमेक बनाने की चर्चा भी होती रहती है। इसी बीच सुपरस्टार सलमान खान ने भी हाल ही में इस फिल्म के रीमेक को बनाने की इच्छा जाहिर की है। इतना ही नहीं, उन्होंने बताया कि वह गब्बर, जय-वीरू और ठाकुर में से किस किरदार को निभाना चाहते हैं। वह कहते हैं, मैं शोले का रीमेक बनाना चाहूंगा। मैं जय और वीरू दोनों का रोल अदा कर सकता हूं।



## लाइफ Style

# कनिका

## महिला सुरक्षा के लिए उठाई आवाज

मशहूर निर्माता और स्क्रिप्ट राइटर कनिका ढिल्लों शक्तिशाली महिला किरदार गढ़ने के लिए जानी जाती हैं। बता दें कि 24 अगस्त को वह अपना 40वां जन्मदिन मनाएंगी। कनिका ने 'हसीन दिलरुबा' और 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में तापसी पन्नू के किरदार को लिखा है। उन्होंने 'गिल्टी' में कियारा आडवाणी के साहसिक किरदार की रचना भी की है। उनका काम यह दिखाता है कि उनकी कहानियों में महिलाओं को सशक्त करने की बुलंद आवाज है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों, बदलापुर यौन शोषण मामले और देश भर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अन्य अपराधों के बीच कनिका ढिल्लों ने महिलाओं के लिए उनके काम करने की जगह पर सुरक्षा में सुधार के बारे में अपने विचार साझा किए हैं। कनिका अपने साथ काम करने वालों को जो सलाह देती हैं वह दो चीजों 'लचीलापन' और 'एकजुटता' पर आधारित है। वह कहती हैं, 'मैं अपनी महिला सहकर्मियों से कहती हूं, चाहे कुछ भी हो जाए, आपको अगले दिन काम पर आना ही होगा।

काम करने की जगह पर चाहे कितनी भी बाधा या अपमान या पक्षपात क्यों न हो। उन्हें जीतने न दें। और, मेरा मानना है कि जब मजबूत महिलाएं एक साथ आती हैं तो जादू होता है। हमें एक-दूसरे का साथ देना चाहिए।' वह कहती हैं, 'हम जिस माहौल में हैं, उसे देखते हुए, पुरुषों को आगे आकर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। वह आगे कहती हैं, 'उन्हें अब काम करने की जरूरत है। वह सिर्फ यह कहकर नहीं बैठ सकते कि 'हम आपसे सहमत हैं और महिलाओं के साथ सहानुभूति रखते हैं।' उन्हें महिलाओं के लिए माहौल को ज्यादा सुरक्षित बनाने की जरूरत है।'

## हॉलीवुड मसाला




# 'रामायण' में काम करेंगे टेरी नोटरी

**मुंबई।** नितेश तिवारी अपनी आगामी मेगा बजट फिल्म 'रामायण' के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रणबीर कपूर स्टारर फिल्म के लिए हॉलीवुड के मशहूर स्टंट कोर्डिनेटर, मूवमेंट कोच टेरी नोटरी को साइन किया गया है। वह इस फिल्म के सारे एक्शन सीक्वेंस और मोशन कैप्चर निर्देशित कर रहे हैं। टेरी नोटरी ने 'अवतार', 'अवेंजर्स' और 'द प्लेनेट ऑफ द एप्स' जैसी फिल्मों में मोशन कैप्चर परफॉर्मर के तौर पर काम किया है। अब वह 'रामायण' में अपना कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं।



# बवाल के बाद 'मेगालोपोलिस' का ट्रेलर लायंसगेट ने हटाया

**लॉस एंजिल्स।** लायंसगेट फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की 12 करोड़ डॉलर में बनकर तैयार हुई फिल्म 'मेगालोपोलिस' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हुआ। हालांकि, ट्रेलर रिलीज के बाद ही बवाल मच गया। ट्रेलर में प्रसिद्ध फिल्म समीक्षकों के ढेर सारे मनगढ़ंत उद्धरण शामिल थे। बवाल को बढ़ता देखकर लायंसगेट ने ट्रेलर को हटा लिया है। साथ ही फिल्म समीक्षकों को गलत तरीके से दर्शाने के लिए निर्माताओं ने माफीनामा भी जारी किया है। लायंसगेट के प्रवक्ता ने वेरायटी को दिए एक बयान में कहा, 'लायंसगेट तुरंत मेगालोपोलिस का ट्रेलर हटा रहा है।' 'हम अपनी जांच प्रक्रिया में इस अक्षम्य त्रुटि के लिए इसमें शामिल आलोचकों और फ्रांसिस फोर्ड कोपोला और अमेरिकन जोएट्रोप से ईमानदारी से माफी मांगते हैं।



# मुझे परवाह नहीं कि लोग क्या सोचते हैं

**नई दिल्ली।** कंगना रणौत ने एक साक्षात्कार में बताया कि वो देखती हैं कि कई लोग उनकी मिमिक्री करते हैं और वो मिमिक्री की दुनिया में काफी मशहूर हैं। उन्होंने कहा कि उनकी नकल उतारने वाले लोगों को देखकर वो नाराज नहीं होती है। दरअसल, कंगना ने खुद की मिमिक्री वाली बात अपनी नई फिल्म 'इमरजेंसी' के संदर्भ में कही थी। साक्षात्कार में उन्होंने राजनीतिक फिल्म से लोगों के नाराज होने की आशंका पर बात करते हुए कहा था कि जब कोई उनकी मिमिक्री करता है तो उन्हें खराब नहीं लगता है। उनका कहना था कि उन्हें इस बात की ज्यादा परवाह नहीं हैं कि लोग क्या कुछ सोचते हैं और वो अपने हिसाब से फिल्में बनाती हैं। इमरजेंसी में कंगना रणौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल निभा रही है। यह फिल्म आपातकाल के दौर पर आधारित है।



# 'जी ले जरा'-'फैशन 2' की शूटिंग के लिए लौटीं मुंबई

**मुंबई।** बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बेहद ही स्टाइलिश लुक में शुक्रवार को मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं। उनको वापस भारत में देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं, साथ ही वह यह कयास लगा रहे हैं कि क्या वह फिल्म 'जी ले जरा' या फिर 'फैशन 2' की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आया। एयरपोर्ट से बाहर निकलती हुई प्रियंका मुस्कुराती हुई नजर आईं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में खत्म की थी। उनके प्रशंसकों का कहना है कि प्रियंका मुंबई इसलिए वापस लौटीं ताकि वह अपनी बॉलीवुड फिल्म 'जी ले जरा' की शूटिंग शुरू कर सकें। हाल ही में लॉस एंजेलिस से फैशन डायरेक्टर मधुर भंडारकर के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

## टीवी मसाला



# राखी बांधने पर राहुल ने भारती को दे दी अपनी महंगी घड़ी

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स' का हर एपिसोड मस्ती-मजाक से भरा होता है। हाल ही में शो में राखी मनाई गई और भारती सिंह ने लगभग सभी लड़कों को राखी बांधी और बाद में सबसे शगुन भी मांगा। लेकिन, इनमें से बस दो लोगों ने भारती को शगुन दिया। राहुल वैद्य ने तो उन्हें अपनी घड़ी ही दे दी। 'लाफ्टर शेफ्स' के नए एपिसोड में रक्षाबंधन स्पेशल मनाया गया। भारती सिंह ने शो में सभी मेल कंटेस्टेंट और हरपाल सिंह सोखी की कलाई पर राखी बांधी। अर्जुन बिजलानी को राखी बांधते हुए उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें पहली बार राखी बांध रही हूं, तुम्हें पूरी सफलता मिले और होस्टिंग के लिए सभी शो हर्ष और मेरे पास आएं, तुम्हें अब फिल्मों पर ध्यान देना चाहिए।' वह राहुल, विक्की, करण, कृष्णा और सुदेश को भी राखी बांधती नजर आईं। इसके अलावा, जब भारती ने कृष्णा को राखी बांधी, तो उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि पूरे टीवी में अब तक मेरी केवल एक बहन भारती है। घर पर, मेरी बहन आरती है और टीवी और मेरे करियर के साथ मेरी बहन भारती ही रही।' भारती शेफ हरपाल को राखी बांधने गईं, उन्होंने कहा, 'मैं चाहती हूं और प्रार्थना करती हूं कि लाफ्टर शेफ्स के जरिए हमने जो नया बंधन बनाया है वह हमेशा बना रहे।'

## जल्द ही 'शमशान चंपा' में नजर आएंगे नाजिम

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के टीवी शो साथ निभाना साथिया से घर-घर में अहम जी के रूप में पहचान बनाने वाले मोहम्मद नाजिम लंबे वक्त के बाद टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। टीवी एक्टर जल्द ही



मोनालिसा के शो शमशान चंपा में नजर आएंगे। नाजिम ने साथ निभाना साथिया में अहम मोदी का रोल निभाकर बहुत शोहरत कमाई, लेकिन उस शो के बाद टीवी एक्टर अचानक गायब हो गए। नाजिम टीवी से भले ही गायब हो गए हों, लेकिन सोशल मीडिया पर अपनी रील्स अक्सर शेयर किया करते हैं। नाजिम शो में एक पिता के रोल में नजर आएंगे। नाजिम ने इसके लिए शूटिंग भी शुरू कर दी है और वो अपनी वापसी को लेकर उत्साहित हैं। साथ निभाना साथिया के बाद नाजिम की अहम जी वाली छवि दर्शकों के मन में छप गई थी। इसलिए उन्हें कोई भी रोल आसानी से नहीं मिल रहा था। हालांकि, शो के ऑफएयर होने के बाद से नाजिम शो से गायब हैं। वहीं, शमशान चंपा की बात करें तो इस शो को आप शेमारू उमंग पर देख सकते हैं। शो में बिग बॉस 10 की सदस्य मोनालिसा 'डायन' का किरदार निभा रही हैं।

# छोटे पर्दे पर होगा 'पीछा करती परछाइयां' का प्रीमियर

**मुंबई।** कुछ साल पहले, जब इला अरुण को थिएटर विशेषज्ञ और लाइटिंग डिजाइनर निसार अल्लाना ने हेनरिक इब्सेन के नाटक को रूपांतरित करने के लिए आमंत्रित किया, तो उसने इस नॉर्वेजियन नाटककार की कहानियों में खुद को डुबो दिया। इला को उनकी रचनाएं इतनी प्रासंगिक लगीं कि वे उन्हें भारतीय संदर्भ में पुनः कल्पित करने लगीं। 2016 में 'पीछा करती परछाइयाँ,' उनके द्वारा इब्सेन के 1882 में लिखे गए नाटक 'घोस्ट्स' का रूपांतरण पहली बार मंच पर प्रदर्शित किया गया और अब इसका टेलीप्ले संस्करण ज़ी थियेटर के माध्यम से छोटे पर्दे पर उपलब्ध होगा। इस नाटक का निर्देशन अभिनेता और निर्देशक के के रैना ने किया है और भारत भर में पचास से अधिक सफल प्रस्तुतियों के बाद, इसका प्रीमियर 25 अगस्त को टाटा प्ले पर होगा। इला ने इब्सेन की कहानी को एक पारम्परिक



राजस्थानी घराने में बसाया है, जहां पीढ़ीगत वेदना व्यापित है। इला निभा रही हैं रानी यशोधरा (बाई साहेब) की केंद्रीय भूमिका जो परंपरा और परिवार की इज्जत के कारण अपने दिवंगत पति महाराजा कुंवर विराज भानु प्रताप सिंह के राज़ छिपाने के लिए मजबूर है। पर जब ये विषैले राज़ वर्तमान में प्रकट होते हैं तो उसके युवा पुत्र पर विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। ये मार्मिक भूमिका टीवी कलाकार परम सिंह ने निभाई है। के. के . रैना एक पितृसत्तात्मक पुजारी का किरदार निभाते हैं, जबकि प्रियाम्वदा कांत और विजय कश्यप भी महत्वपूर्ण किरदारों में नज़र आएंगे. टेलीप्ले का फिल्मांकन निर्देशक सौरभ श्रीवास्तव ने किया है।

# 'कहां शुरू कहां खतम' का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** गायिका ध्वनि भानुशाली गायकी में अपना हुनर पहले ही दिखा चुकी हैं। अब वे अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। वे 'कहां शुरू कहां खतम' फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। आखिरकार फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रेलर कॉमेडी ड्रामा का भरपूर डोज दे रहा है। फिल्म की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में भानुशाली के साथ आशिम गुलाटी हैं और इसका निर्देशन सौरभ दासगुप्ता ने किया है। शादी की कहानी पर आधारित ट्रेलर में ध्वनि को मंडप से भागी हुई दुल्हन और आशिम गुलाटी को शादी तोड़ने वाले के रूप में दिखाया गया है।



कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेती है, जब आशिम के घर वाले ध्वनि को बहू मान लेते हैं और उन्हें अरेंज मैरिज के बंधन में बंधकर रहना पड़ता है। इसके बाद उनकी अरेंज्ड एक्सीडेंटल लव स्टोरी शुरू होती है।

## अफसाना बनकर रह गई फिल्मी दुनिया में हुई पहली मोहब्बत

# हेमा मालिनी से पहले इस एक्ट्रेस पर दिलोजान छिड़कते थे धर्मेंद्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

धर्मेंद्र के मोहब्बत के किस्से कम नहीं है। उनके जैसे हैंडसम नौजवान पर बहुत सी हसीनाएं फिदा थीं। और, धर्मेंद्र भी कुछ कम नहीं थे। जिनके इश्क के चर्चे बहुत फेमस रहे। शादी के बाद उन्हें हेमा मालिनी से प्यार हुआ। इस कदर हुआ कि धर्मेंद्र ने हर मुश्किल और रुकावटों को पार करके उन्होंने हेमा मालिनी से शादी की। लेकिन हेमा मालिनी से पहले एक और एक्ट्रेस से उन्हें बेपनाह मोहब्बत रही है। और, अगर ये कहें कि फिल्मी दुनिया में आने के बाद ये उनकी पहली मोहब्बत थी। तो भी कुछ गलत नहीं होगा। ये एक्ट्रेस थीं मीना कुमारी। धर्मेंद्र और मीना कुमारी दोनों कुछ शानदार फिल्मों में साथ नजर आए।



### बिजी होने के चलते बढ़ गईं दूरियां

इन फिल्मों में काम करते करते धर्मेंद्र को और भी कई फिल्में ऑफर हुईं। मेकर्स उन्हें पसंद करने लगे थे और दर्शकों के दिलों में भी उनकी पॉपुलेरिटी बढ़ रही थी। इसका नतीजा ये हुआ कि धर्मेंद्र को फिल्मों पर फिल्में ऑफर होने लगी। और, वो बिजी होते चले गए। नतीजा ये हुआ कि वो धीरे- धीरे मीना कुमारी से दूर हो गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक पार्टी में लंबे समय बाद धर्मेंद्र और मीना कुमारी का आमना-सामना हुआ था। लेकिन, धर्मेंद्र ने मीना कुमारी से बात तक नहीं की। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप पर मुहर लग गई.

### मीना कुमारी की जिद

धर्मेंद्र के करियर को बॉलीवुड में आगे बढ़ाने में मीना कुमारी का बड़ा योगदान माना जाता है। कई फिल्मों के लिए ये भी कहा गया कि मीना कुमारी इस बात की जिद किया करती थीं। उनकी फिल्म में धर्मेंद्र को ही लिया जाए। जिस वक्त धर्मेंद्र का करियर शुरू हो रहा था उस वक्त मीना कुमारी एक स्थापित एक्ट्रेस थीं। इसलिए मेकर्स उन्हें इंकार भी नहीं कर पाते थे। इसके बाद दोनों एक के बाद एक कई फिल्मों में साथ नजर आए। इन फिल्मों में मैं लड़की हूं, पूर्णिमा, काजल, फूल और पत्थर, मंझली दीदी और बहारों की मंजिल जैसी फिल्में शामिल हैं। उनकी जिद का नतीजा ये हुआ कि धर्मेंद्र और उनके नाम को जोड़कर लोग कई तरह के अफसाने बनाने लगे।

### खूब पसंद की जाती रही है ट्रेजेडी क्वीन और जुबली कुमार की जोड़ी

बॉलीवुड की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी और जुबली कुमार के नाम से मशहूर राजेंद्र कुमार की तस्वीर जितनी खूबसूरत है, दोनों की फिल्में भी उतनी ही शानदार रही है। हालांकि, मीना कुमारी, राजेंद्र कुमार के मुकाबले काफी सीनियर एक्ट्रेस थीं। लेकिन, दोनों ने कुछ बेहतरीन फिल्मों में साथ काम किया। राजेंद्र कुमार, मीना कुमारी की बहुत रिस्पेक्ट करते थे। दोनों की ऑन स्क्रीन बहुत अच्छी रही और ऑफ स्क्रीन भी दोनों की खूब पटती थी। मीना कुमार की बीमारी के दौरान भी राजेंद्र कुमार ने उनका खूब साथ दिया। मीना कुमारी और राजेंद्र कुमार ने एक साथ पांच फिल्मों में काम किया। पांचों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन किया। राजेंद्र कुमार हमेशा ही मीना कुमारी के शुक्रगुजार रहे। असल में उनके करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाली फिल्म थी चिराग कहां, रोशनी कहां। साल 1959 में आई इस फिल्म से राजेंद्र कुमार ने पहली बार कामयाबी का स्वाद चखा था। इसमें उन्हें मीना कुमारी के साथ ही काम करने का मौका मिला था। राजेंद्र कुमार और मीना कुमारी ने एक साथ चिराग कहां रोशनी कहां (1959), जिंदगी और ख्वाब (1961), प्यार का सागर (1961), अकेली मत जईयो (1963) और दिल एक मंदिर (1963) फिल्मों में काम किया था। राजेंद्र कुमार ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो हमेशा मीना कुमारी जी के बहुत करीब रहे। उन्हें वो मेमसाब कहकर बुलाते थे। मीना कुमारी को वो एक केयरिंग, सपोर्टिव और जेंटल कोस्टार के रूप में याद करते थे। 1980 में एक रेडियो इंटरव्यू में राजेंद्र कुमार ने कहा कि मीना कुमारी सबसे नायाब एक्ट्रेस थीं।

